वर्ष-11 अंक-25 पृष्ठ-8 मूल्यः 3 रुपये

प्रयागराज, शनिवार 29 मार्च 2025

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष में प्रसारित

आधुनिक समाचार नेटवर्क

Download From Google Play

Adhunik Samachar

11 YEARS ANNIVERSARY

## संक्षिप्त समाचार

### नवरात्रों में मनाया जाएगा हिंदू त्योहार सप्ताह, कन्या पूजन कराएगी दिल्ली सरकार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नवरात्रों पर इस बार पूरी दिल्ली में भव्य समारोह आयोजित किए जाएंगे। पूरे सप्ताह को हिंदू त्योहार सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इसे लेकर दिल्ली सरकार ने खास तैयारी की है। विधानसभा को इस मौके पर सजाया जाएगा, साथ ही प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के संगीत के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। दिल्ली सरकार अब 'हिंदू मॉडल' से चलेगी। नवरात्रों में 30 मार्च को शुरू हो रही प्रतिपदा से लेकर एक सप्ताह तक पूरी दिल्ली में भव्य समारोह आयोजित किए जाएंगे। पूरे सप्ताह को हिंदू त्योहार सप्ताह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान रामनवमी, हनुमान जन्मोत्सव और अंबेडकर जयंती पर भव्य कार्यक्रम किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम दिल्ली विधानसभा में आयोजित किया जाएगा जिसमें पूरी विधानसभा को दिवाली के त्योहार की तरह सजाया जाएगा। प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर के संगीत के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य हिंदू त्योहारों के माध्यम से दिल्ली में पर्यटन बढ़ाना बताया गया है। यानी जिस तरह विभिन्न देशों की राजधानियों में नववर्ष के कार्यक्रम होते हैं, और इसे देखने-सुनने के लिए दुनिया भर से पर्यटक आते हैं, उसी तरह दिल्ली की पहचान हिंदू नववर्ष और हिन्दू त्योहारों के मनाने वाले स्थल के रूप में की जाएगी। इससे दुनिया भर के पर्यटकों को इस पर्व पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को देखने के लिए आकर्षित किया जा सकेगा और इसके माध्यम से दिल्ली में पर्यटन-रोजगार को बढ़ावा दिया जा सकेगा। ये कार्यक्रम हर वर्ष मार्च-अप्रैल में पड़ने वाले नवरात्रों के दौरान मनाए जाएंगे। कला एवं संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने बताया है कि यह पहली बार है जब दिल्ली सरकार 'हिंदू नव वर्ष' को इतने व्यापक स्तर पर मना रही है। इस आयोजन की शुरुआत 30 मार्च को दिल्ली विधानसभा लॉन में एक भव्य कार्यक्रम से होगी, जिसमें संपूर्ण भवन को दीपों से सजाया जाएगा, ठीक उसी प्रकार जैसे दीपावली के अवसर पर किया जाता है। नवरात्रि का पहला दिन होने के कारण इस अवसर पर 'फलाहार' कार्यक्रम का भी आयोजन आगंतुकों के लिए किया गया है, जिसमें व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार कर व्रत का पारण कर सकेंगे।

## 'कुणाल कामरा की जिंदगी को कॉमेडी बना देना चाहिए' स्टैंडअप कॉमेडियन पर भड़के भाजपा विधायक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को मुंबई पुलिस बार-बार समन कर रही है। पुलिस ने कामरा को 31 मार्च को पूछताछ के लिए खार पुलिस स्टेशन बुलाया है। पुलिस अभी तक कुणाल को दो समन जारी कर चुकी है। फिलहाल वे पुडुचेरी बताए जा रहे हैं। महाराष्ट्र के डीसीएम एकनाथ शिंदे पर परोक्ष रूप से की गई टिप्पणी को लेकर फंसे कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुसीबत कम नहीं हो रही है। शिवसेना के बाद अब भाजपा भी उन पर हमलावर हो गई है। उनकी टिप्पणी पर भाजपा विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने करारा हमला बोला है। उन्होंने पुलिस से कामरा की गिरफ्तारी और कानून के हिसाब से सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है। सुधीर मुनगंटीवार ने कहा, 'पुलिस को कुणाल कामरा को पकड़ना चाहिए और उनके जीवन को कॉमेडी बनाना चाहिए। आप अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर कुछ भी नहीं कह सकते। हर किसी को आत्मसम्मान का अधिकार है। केतकी चितले 30 दिनों तक जेल में रहीं। विपक्ष को हमें सबक सिखाने का कोई अधिकार नहीं है।'36 साल स्टैंड-अप कॉमेडियन ने अपने शो में शिंदे का नाम लिए बिना उनके राजनीतिक करियर पर कटाक्ष किया था। उन्होंने महाराष्ट्र के एक बड़े राजनीतिक भूचाल का भी हवाला दिया था। कामरा ने फिल्म 'दिल तो पागल है' के एक लोकप्रिय हिंदी गाने की पैरोडी की थी। इसमें शिंदे को बिना उनका नाम लिए 'गद्दार' कहा गया था। उन्होंने शिवसेना और एनसीपी के विभाजन सहित महाराष्ट्र में हाल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर भी चुटकुले बनाए थे।टिप्पणी के बाद रविवार की रात शिवसेना के कार्यकर्ताओं ने मुंबई के खार इलाके में हैबिटेट कॉमेडी क्लब पर धावा बोल दिया था। यहीं कुणाल कामरा का शो हुआ था। इसके साथ ही उस होटल को भी नुकसान पहुंचाया गया था, जिसके परिसर में क्लब स्थित है।मामले में शिंदे की भी प्रतिक्रिया आई थी। उन्होंने कहा था, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है। हम व्यंग्य को समझते हैं, लेकिन इसकी एक सीमा होनी चाहिए। यह किसी के खिलाफ बोलने के लिए 'सुपारी' लेने जैसा है।' शिवसैनिकों के उपद्रव पर शिंदे ने कहा था कि हर व्यक्ति को एक निश्चित स्तर बनाए रखना चाहिए। अन्यथा, क्रिया प्रतिक्रिया का कारण बनती है।



## कृषि वैज्ञानिक ने पारंपरिक फसलों का पंजीकरण कराने की अपील की

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डॉ. डे ने जोन-न्न् के कृषि विज्ञान केंद्रों के योगदान को भी प्रमुख रूप से उजागर किया, जो पौधों की किस्मों के संरक्षण में शामिल हैं। उन्होंने आईसीएआर-अटारी की कृषि विज्ञान केंद्र के साथ साझेदारी में उनके संरक्षण, पंजीकरण और मूल्य श्रृंखला एकीकरण में सहयोग का आश्वासन दिया। कृषि वैज्ञानिक और आईसीएआर- कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान (जोन-न्न्) कोलकाता के निदेशक डॉ. प्रदीप डे ने कहा कि किसानों को अपनी परंपरागत फसलों का पंजीकरण जरूर कराना चाहिए। इसके लिए कराना होता है डस (डीयूएस) परीक्षण कराना होता है। इससे जहां परंपरागत धरोहर संरक्षित होगी, वहीं भविष्य में किसानों को फायदा भी होगा। यह बात उन्होंने गुरुवार को नरेंद्रपुर स्थित शस्य सस्या श्यामला कृषि विज्ञान केंद्र में आयोजित एक दिवसीय पौधों की किस्मों और किसानों के अधिकारों के संरक्षण अधिनियम 2001 विषय पर आयोजित कार्यशाला में कही। इसका आरकेएमवीईआरआई, आईसीएआर-कृषि प्रौद्योगिकी आवेदन अनुसंधान संस्थान (एटीएआरई), कोलकाता और रामकृष्ण मिशन कृषि विज्ञान केंद्र, निमपिथ पश्चिम बंगाल के सहयोग से किया गया था। इस मौके पर कृषि जैव विविधता प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया। डॉ. प्रदीप ने कहा, पारंपरिक फसलों की किस्मों के संरक्षण को एक महत्वपूर्ण कृषि धरोहर बताया। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अपनी पारंपरिक फसलों को पंजीकरण कराएं, ताकि वे पीपीवीएफआर अधिनियम, 2001 द्वारा प्रदान किए गए अधिकारों और लाभों का लाभ उठा सकें।



## वसुधैव कुटुम्बकम् का देश परिवारों में एकता के लिए कर रहा संघर्ष' शीर्ष कोर्ट की अहम टिप्पणी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने संयुक्त परिवारों के खत्म होने पर चिंता जताते हुए कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् वाला भारत आज अपने ही परिवारों में एकता बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहा है। परिवार की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है और हम एक व्यक्ति-एक परिवार के कगार पर खड़े हैं। जस्टिस पंकज मिथल और जस्टिस एसवी एन भट्टी की पीठ ने कहा, भारत में हम वसुधैव कुटुंबकम में विश्वास करते हैं, यानी पूरी धरती एक परिवार है। हालांकि, हम अपने परिवार में भी एकता कायम रखने में सक्षम नहीं हैं, दुनिया के लिए एक परिवार बनाने की बात तो दूर की बात है। 'परिवार' की अवधारणा ही खत्म होती जा रही है और हम एक व्यक्ति एक परिवार की कगार पर खड़े हैं। पीठ के समक्ष रिकॉर्ड में लाया गया कि कल्लू मल नामक व्यक्ति (जिनकी बाद में मृत्यु हो गई) और उनकी पत्नी समतोला देवी के पांच बच्चे- तीन बेटे और दो बेटियां थीं। समतोला देवी का सुल्तानपुर में तीन दुकानों वाला एक घर था। समय के साथ, माता-पिता और उनके बेटों, खासकर कृष्ण कुमार, जिन्होंने पारिवारिक व्यवसाय संभाला, के बीच विवाद होने लगे। 2014 में कल्लू मल ने कृष्ण कुमार पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाया और एसडीएम से कानून के अनुसार उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। 2017 में दंपती ने भरण-पोषण की मांग की। पारिवारिक अदालत ने दंपती को 8000 रुपये प्रति माह मंजूर किया, जिसे दो बेटों, कृष्ण कुमार और जनार्दन को बराबर चुकाना था। 2019 में कल्लू मल और उनकी पत्नी ने कृष्ण कुमार को बेदखल करने के लिए याचिका दायर की। न्यायाधिकरण ने उन्हें अपने माता-पिता की अनुमति के बिना घर के किसी भी हिस्से पर अतिक्रमण न करने का आदेश दिया लेकिन बेदखली का आदेश नहीं दिया। इस निर्णय से असंतुष्ट माता-पिता ने अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपील की, जिसने कुमार को बेदखल करने का आदेश दिया लेकिन बाद में हाईकोर्ट ने इसे उलट दिया।



## एकता ही हमारी ताकत है, विभाजन से समाज को नुकसान', ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में बोलीं सीएम ममता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सीएम ममता बनर्जी ने बुधवार को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाज में एकता, अपने प्रशासनिक मॉडल के साथ-साथ पश्चिम बंगाल की विविधता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासनिक मॉडल किसी भी तरह के भेदभाव की अनुमति नहीं देता है और वह समाज के सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री इन दिनों ब्रिटेन दौरे पर हैं। जहां बुधवार को उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के केलॉग कॉलेज में एक सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने पश्चिम बंगाल में अपने प्रशासनिक मॉडल की बात की। उन्होंने कहा कि उनका प्रशासनिक मॉडल किसी भी तरह के भेदभाव की अनुमति नहीं देता है और वह समाज के सभी वर्गों के कल्याण को प्राथमिकता देती हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन के दौरान ममता बनर्जी ने समावेशी विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में विभाजन से नुकसान होता है और एकता हमारी ताकत है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद का उद्धरण देते हुए कहा कि एकता बनाए रखना मुश्किल है, लेकिन समाज को विभाजित करने में एक पल लगता है। सीएम ममता बनर्जी ने आगे कहा कि मेरे कार्यकाल में मैं समाज को विभाजित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि मैं कमजोर वर्गों और गरीबों की देखभाल करती हूं। हमें हर धर्म, जाति और पंथ के लोगों के लिए मिलकर काम करना चाहिए और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करनी चाहिए। साथ ही सीएम ने पश्चिम बंगाल की विविधता का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में लगभग 11 करोड़ लोग हैं, जिनमें 33 प्रतिशत से अधिक लोग अल्पसंख्यक समुदायों से हैं, जिनमें मुस्लिम, ईसाई, बौद्ध, नेपाली और गोरखा शामिल हैं और सभी लोग बिना किसी भेदभाव के सभी त्योहार मिलकर मनाते हैं।




## कर्नाटक में दूध की कीमतों में चार रुपये/लीटर की बढ़ोतरी पर बवाल; भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार को घेरा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कर्नाटक की सरकार ने आम लोगों को बड़ा झटका दिया है। सरकार से राहम की उम्मीद लगाए बैठ मध्यम वर्ग को अब दूध के लिए प्रति लीटर चार रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। कर्नाटक में एक बार फिर दूध की कीमतों में इजाफा किया गया है। इस बार दूध की कीमतों में चार रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। इस भारी बढ़ोतरी की वजह से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार पर बड़ा बोझ पड़ेगा। सहकारिता मंत्री के एन. राजन्ना ने गुरुवार को घोषणा की कि 1 अप्रैल से राज्य में दूध की कीमतों में 4 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की जाएगी। मंत्री ने कहा कि दूध संघों और किसानों के दबाव के कारण कीमतों में बढ़ोतरी की गई है।कर्नाटक में दूध की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर भाजपा सिद्धारमैया सरकार पर हमलावर हो गई है। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा, 'कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद से करीब 2 साल से दूध की कीमतें, पेट्रोल की कीमतें, रजिस्ट्रेशन शुल्क, शराब, वाहन कर, वाहन रजिस्ट्रेशन शुल्क और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। एक तरफ वे गारंटी का वादा कर रहे हैं और दूसरी तरफ वे सब कुछ वापस ले रहे हैं। वे अपनी गारंटी पर सालाना 50,000 करोड़ रुपये खर्च करने का दावा करते हैं, लेकिन बदले में लगभग 60-70,000 करोड़ रुपये कमा रहे हैं। उन्होंने आज दूसरी बार दूध की कीमतें बढ़ाई हैं। इसका मतलब है कि उनकी वित्तीय स्थिति अच्छी नहीं है।पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा, 'कर्नाटक अब दिवालियापन, भ्रष्टाचार और मूल्य वृद्धि के लिए जाना जाता है। लगभग सभी सामुदायिक कीमतें दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। आज ही उन्होंने दूध की कीमत में 4 रुपये की वृद्धि की है और यह एक साल में तीसरी बार है। हर परिवार, खासकर गरीबों पर बहुत बड़ा वित्तीय बोझ है।संवाददाताओं को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री ने कहा, 'कीमतों में बढ़ोतरी का फैसला दूध संघ ने लिया है। उन्होंने शुरू में प्रति लीटर 5 रुपये की बढ़ोतरी का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार 4 रुपये पर सहमत हो गई। 4 रुपये की पूरी बढ़ोतरी किसानों को मिलेगी। इससे पहले किसानों को 31.68 रुपये प्रति लीटर मिलते थे और इस बढ़ोतरी के साथ उन्हें 4 रुपये अतिरिक्त मिलेंगे।' उन्होंने स्वीकार किया कि कीमतों में बढ़ोतरी से जनता को असुविधा हो सकती है। उन्होंने कहा, 'चूंकि यह 4 रुपये की बढ़ोतरी किसानों के लिए है, इसलिए मैं उनका सहयोग चाहता हूं।पशुपालन मंत्री के वेंकटेश ने कहा कि उत्पादन लागत बढ़ने के कारण यह वृद्धि आवश्यक थी। उन्होंने कहा, 'वर्तमान में कर्नाटक में नंदिनी टोंड दूध (नीला पैकेट) 42 रुपये प्रति लीटर बिकता है। इस संशोधन के बाद यह 46 रुपये प्रति लीटर हो जाएगा। इस वृद्धि का उद्देश्य किसानों को सहायता प्रदान करना है।सरकार के फैसले के बाद कर्नाटक में एक किलोग्राम दही की कीमत 50 रुपये से बढ़कर 54 रुपये हो गई है। होमोजेनाइज्ड टोंड दूध 43 रुपये से बढ़कर 47 रुपये प्रति लीटर, गाय का दूध (हरा पैकेट) 46 रुपये से बढ़कर 50 रुपये और शुभम (केसर पैकेट/विशेष दूध) 48 रुपये से बढ़कर 52 रुपये प्रति लीटर हो जाएगा। कर्नाटक मिल्क फेडरेशन (केएमएफ) अपने डेयरी उत्पादों को 'नंदिनी' ब्रांड के तहत बेचता है।



## केंद्रीय मंत्री पीयूष बोले-अच्छे नतीजे निकलेंगे, व्यापार वार्ता सही दिशा में बढ़ रही

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच व्यापार को लेकर बातचीत जारी है। इस बारे में जानकारी देते हुए पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर चर्चा जारी है और ये बातचीत यह सही दिशा में बढ़ रही है। भारत और अमेरिका के बीच जारी व्यापार वार्ता सही दिशा में आगे बढ़ रही है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत का हित सुरक्षित रहेगा और दोनों देशों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि वह कृषि, इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल्स सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगों के साथ लगातार बात कर रहे हैं। साथ ही एक कार्यक्रम में पीयूष गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लेकर चर्चा जारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि यह सही दिशा में बढ़ रही है। इसका अच्छा परिणाम निकलेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की 2 अप्रैल को पारस्परिक टैरिफ लगाने की घोषणा से क्या कोई भूचाल आएगा। इस पर गोयल ने कहा कि भारत की विकास गाथा सुरक्षित रहेगी और देश वैश्विक अर्थव्यवस्था को शक्ति प्रदान करता रहेगा। इसके साथ ही गोयल ने कहा कि हम पूरी तरह आश्वस्त हैं कि वैश्विक महाशक्ति बनने के लिए हम देश को अमृत काल में ले जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण से संबंधित वार्ता में वस्तुओं पर शुल्क घटाने सहित भारत की डिजिटल सेवाओं को उदार बनाने पर गहन चर्चा हो रही है। दरअसल सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधिमंडल (यूएसटीआर) ब्रेंडन लिंच के नेतृत्व में भारत आया हुआ है।




## ब्रह्मपुत्र पर चीन की परियोजनाओं पर भारत की कड़ी नजर', राज्यसभा में कीर्ति वर्धन सिंह का जवाब

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** गुरुवार को राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन की परियोजनाओं पर भारत की कड़ी नजर है। उन्होंने ये बात राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा। सिंह ने कहा कि भारत चीन द्वारा जलविद्युत परियोजनाएं विकसित करने की योजना पर ध्यान दे रहा है और अपने हितों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठा रहा है। केंद्र सरकार ब्रह्मपुत्र नदी पर बांध बनाने की चीन की सभी चालबाजियों पर बारीकी से नजर रख रही है। राज्यसभा में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि चीन की हाईड्रोपावर परियोजनाओं समेत सभी गतिविधियों पर पूरी सजगता के साथ निगरानी की जा रही है। सरकार देश के हितों की रक्षा के लिए सतर्क है। सरकार अपने हितों की रक्षा के लिए सीमा पार नदियों के मुद्दे पर चीन के साथ लगातार बातचीत कर रही है। विदेश राज्यमंत्री ने लिखित जवाब में कहा, भारत सरकार ने तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो (ब्रह्मपुत्र की ऊपरी पहुंच) नदी के निचले इलाकों में एक विशाल बांध परियोजना को मंजूरी दिए जाने की चीन की घोषणा पर गौर किया है। सरकार ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर सावधानीपूर्वक नजर रख रही है, इसमें चीन की हाइड्रोपावर परियोजनाएं विकसित करने की योजना भी शामिल है। साथ ही, वह निचले इलाकों में रहने वाले भारतीय नागरिकों के जीवन और आजीविका की सुरक्षा के लिए निवारक और सुधारात्मक उपायों सहित अपने हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाती है। मंत्री ने कहा कि सीमा पार नदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चीन के साथ संस्थागत विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र के तहत चर्चा की जाती है, जिसकी स्थापना 2006 में की गई थी, साथ ही राजनयिक चैनलों के माध्यम से भी चर्चा की जाती है।



## निलंबित पुलिस अधिकारियों को किया जाए बर्खास्त'; पुणे पुलिस ने गृह विभाग को भेजा प्रस्ताव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**पुणे पोर्शे दुर्घटना मामले में अब पुणे पुलिस ने महाराष्ट्र सरकार को एक प्रस्ताव भेजा। इसके तहत पुलिस ने हादसे की जांच के दौरान निलंबित दोनों पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की गई है। पुणे पोर्शे दुर्घटना मामले में नया मोड़ आता हुआ नजर आ रहा है। अब इस मामले में पुणे पुलिस ने गुरुवार को महाराष्ट्र गृह विभाग को एक प्रस्ताव भेजा। इस प्रस्ताव में पुलिस ने पिछले साल मई में हुई पोर्शे कार दुर्घटना के मामले में निलंबित किए गए दो पुलिस अधिकारियों को बर्खास्त करने की सिफारिश की है। बता दें कि यह हादसा 19 मई 2024 की सुबह कल्याणी नगर इलाके में हुआ, जब एक 17 वर्षीय लड़के ने नशे की हालत में पोर्श कार चलाई और दो मोटरसाइकिल सवारों को कुचल दिया था। वहीं बात अब अगर दोनों पुलिस अधिकारियों की करें तो इस मामले में यरवदा पुलिस स्टेशन से जुड़े इंस्पेक्टर राहुल जगदाले और एपीआई विश्वनाथ टोडकरी को देरी से रिपोर्ट करने। साथ ही ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के कारण निलंबित कर दिया गया था। इसके साथ ही एक आंतरिक जांच में यह भी सामने आया कि मामला दर्ज करने में चूक हुई और ब्लड सैंपल के नमूने इकट्ठा करने में देरी हुई। रिहा कर दिया गया है।



## सार्वजनिक आयोजन में प्रति व्यक्ति दो लीटर पानी और मेडिकल टीम अनिवार्य, केंद्र का राज्यों को निर्देश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र ने राज्यों से कहा है कि प्रशासन के साथ साथ देश के प्रत्येक व्यक्ति को मौसम विभाग के पूर्वानुमान पर खास ध्यान देना चाहिए। अगले तीन से चार दिन उनके आसपास का मौसम कैसा है और उसके आधार पर उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं? इस बारे में लोगों को शिक्षित करना बहुत जरूरी है और जिन क्षेत्रों में गर्मी या लू को लेकर हाई अलर्ट है, वहां लोगों को अपनी दिनचर्या पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। मौसम विभाग की तरफ से इस वर्ष भीषण गर्मी का पूर्वानुमान जताए जाने के बाद केंद्र ने सार्वजनिक कार्यक्रमों को लेकर नया नियम लागू किया है। इसके तहत, किसी धार्मिक, सरकारी, राजनीतिक या अन्य किसी अन्य बड़े सार्वजनिक आयोजन के दौरान प्रति व्यक्ति दो लीटर के हिसाब से पेयजल की व्यवस्था करनी अनिवार्य है। यह नियम आगामी जुलाई माह तक लागू रहेंगे। केंद्र ने इस बाबत सभी राज्यों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव की तरफ से जारी निर्देश में कहा गया है कि देश के कुछ हिस्सों में तापमान बढ़ने से गर्म हवाएं और भीषण गर्मी का अनुभव किया जा रहा है। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि मार्च से लेकर जुलाई माह तक देश के 20 से ज्यादा राज्यों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में लोगों को इस मौसमी प्रभाव से बचाने के लिए तत्काल सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर व्यवस्था की समीक्षा की जाए। जिला प्रशासन इस अवधि में होने वाले सार्वजनिक कार्यक्रमों को निर्धारित नियमों के तहत ही अनुमति दे। केंद्र ने लू या गर्मी से किसी व्यक्ति की मौत होने पर उसके पोस्टमार्टम को लेकर भी दिशा निर्देश लागू किए हैं जिन्हें नई दिल्ली स्थित रोग नियंत्रण केंद्र की वेबसाइट पर भी देखा जा सकता है। इसके अलावा, सभी स्वास्थ्य केंद्रों को हर दिन ऐसे मामलों की सूचना राज्य और केंद्र स्तर पर भेजना अनिवार्य है।



डाक पंजीयन नं.AD-326/2024-2026 -website:www.aadhuniksamachar.com- E-mail:-adhuniksamachar2024@gmail.com आधुनिक समाचार






## अधिवक्ताओं के विरोध के बीच जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हुआ तबादला, शपथ ग्रहण का विरोध करेंगे अधिवक्ता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** अधिवक्ताओं के आंदोलन के बीच जस्टिस वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया है। शुक्रवार को चौथे दिन भी वकील न्यायिक कार्य से विरत रहे। जस्टिस वर्मा का फाइनल तबादला आदेश जारी होने के बाद वकीलों में आक्रोश है। वार्ता के लिए शुक्रवार को रात नौ बजे बार के अध्यक्ष अनिल तिवारी के आवास पर बैठक बुलाई गई है। इसमें आगे की रणनीति तय की जानी है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों के आंदोलन और हड़ताल के बीच न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया है। इससे वकीलों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। आगे की रणनीति के लिए वकीलों की बैठक बार के अध्यक्ष अनिल तिवारी के आवास पर शुक्रवार को रात नौ बजे होगी। शुक्रवार को चौथे दिन भी अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी रहा। साथ ही चोरी छिपे न्यायिक कार्य कर रहे अधिवक्ताओं को चिन्हित कर उनको नोटिस जारी किया गया है। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा का तबादला इलाहाबाद हाईकोर्ट कर दिया गया है। इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। जस्टिस वर्मा का तबादला निरस्त कराने के लिए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ता मंगलवार से ही न्यायिक कार्य से विरत चल रहे हैं। बार के अध्यक्ष अनिल तिवारी विधि मंत्रालय के बुलावे पर दो दिन के दिल्ली दौरे पर थे। विधि मंत्री, सीजेआई समेत तमाम अधिकारियों से उनकी वार्ता हुई थी। शुक्रवार को जस्टिस वर्मा का इलाहाबाद हाईकोर्ट के लिए तबादला आदेश जारी कर दिया गया। उधर, दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के इलाहाबाद हाई कोर्ट में तबादले का कड़ा विरोध करते हुए, इसके बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने शुक्रवार को इसे ठभारत की न्यायपालिका के लिए सबसे काला दिनठ बताया और घोषणा की कि वे उनके शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार करेंगे। जस्टिस वर्मा के तबादले की अधिसूचना ऐसे समय में आई है जब कुछ दिनों पहले ही दिल्ली में उनके आधिकारिक आवास पर कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी मिली थी। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इलाहाबाद हाई कोर्ट में उनके तबादले की सिफारिश की थी। केंद्र ने शुक्रवार को उनके प्रत्यावर्तन की अधिसूचना जारी की। इलाहाबाद हाई कोर्ट के वकील मंगलवार से हड़ताल पर हैं और शुक्रवार को तबादले के खिलाफ उनके विरोध का चौथा दिन है।



## आवश्यक सूचना

मै इशिता सिंह पुत्री श्री ब्रजेश कुमार सिंह निवासी ई0 सी0 80 ए0डी0ए0 कालोनी नैनी, प्रयागराज, की रहने वाली हूॅः- यह कि निम्नवत दस्तावेज मेरे पास था लेकिन वह मुझसे प्रयागराज जंक्शन पर खो गया है और मेरे द्वारा कई बार खोजने का प्रयास करने पर भी वह नही मिला।

**दस्तावेज का विवरणः** 1. बी0 काम तृतीय वर्ष का अंकपत्र (रोल नं0 2433661, इंरोलमेंट नं0 M2130455, यूनिवर्सिटी- इलाहाबाद यूनिवर्सिटी) 2. बी0 काम का माइग्रेशन सर्टिफिकेट 3. बी0 काम का प्रोविजनल सर्टिफिकेट 4. बी0 काम का चरित्र प्रमाण पत्र।

दस्तावेज मिलने पर इस न0 पर संम्पर्क करे- 9919814283

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री उद्यमी विकास अभियान योजना से सम्बंधित आवेदन पत्र उद्यमी विकास अभियान योजना, एमएसएमई नीति, ए मोनारकों इण्डस्ट्रियल स्टेट तेलियरंगज सहित अन्य विषयों से सम्बंधित को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना से सम्बंधित आवेदन पत्रों को अनिवार्य रूप से गुण-दोष के आधार पर निर्धारित




बैंको में निर्धारित समय सीमा के बाद में लम्बित पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आवेदन पत्रों को शीघ्रता से निस्तारित किये जाने के दिए निर्देश मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्यमियों की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने के दिए निर्देश मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में शुक्रवार को गांधी सभागार में मण्डलीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मण्डलायुक्त ने निवेश मित्र पोर्टल, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा प्रकरणों की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उन्होंने सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उद्योग बंधुओं की समस्याओं को शीर्ष प्राथमिकता पर निस्तारित किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि उद्योग धंधो को बढ़ावा देना सरकार की शीर्ष प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी मण्डलायुक्त ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना 2024-25 की समीक्षा करते हुए बैंको में निर्धारित समय सीमा के बाद भी लम्बित आवेदन पत्रों का निस्तारण न किए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने सभी बैंको समयसीमा में निस्तारित करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को भी समय सीमा में निस्तारित किए जाने का निर्देश सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को दिया है। ए मोनारको इण्डस्ट्रियल स्टेट तेलियरंगज से सम्बंधित प्रकरण के लिए गठित कमेटी को प्रकरण का निस्तारण दिए गए समय में किए जाने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर उद्योग समिति के सदस्य श्री मुरारी लाल अग्रवाल, श्री नटवर लाल, उपायुक्त उद्योग श्री शरद टण्डन सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगणों के अलावा उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## संक्रमित पानी पीने से मौतों की आशंका, लापरवाही से गईं जानें

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गोरखपुर।** निर्वाण आश्रय गृह के करीब 70 बच्चे 23 मार्च की रात अचानक बीमार पड़ गए थे। इनमें से 24 गंभीर थे। जिनमें से चार की जान चली गई। निर्वाण संस्था के चार मानसिक मंदित बच्चों की मौत और अन्य के बीमार होने का कारण पीने का गंदा पानी है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बृहस्पतिवार को आश्रयगृह का निरीक्षण करने के दौरान ऐसी आशंका जताई है। जांच के लिए खाद्य पदार्थों के साथ पानी का सैंपल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट हो जाएगा कि संक्रमण की असल वजह क्या थी।निर्वाण आश्रय गृह के करीब 70 बच्चे 23 मार्च की रात अचानक बीमार पड़ गए थे। इनमें से 24 गंभीर थे। जिनमें से चार की जान चली गई। चूंकि खाना खाने के कुछ ही देर बाद एक साथ तबीयत बिगड़ने के पीछे बड़ा कारण है। डीएम विशाख जी ने बताया कि एफएसडीए की टीम ने कुल 18 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए भेजे हैं। पानी की भी जांच कराई जा रही है। मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि कुछ तथ्य ऐसे सामने आए हैं, जिससे आशंका है कि पीने के पानी की वजह से बच्चे संक्रमित हुए हैं। फिलहाल अब पुष्ट कारण जाने के लिए नमूनों की जांच रिपोर्ट आने का इंतजार है। दो से तीन दिन में रिपोर्ट आ सकती है। उधर मंडलायुक्त और डीएम के साथ ही महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की प्रमुख सचिव लीना चौहरी ने भी आश्रय गृह का निरीक्षण किया। बच्चों का हालचाल जाना। सभी अस्पताल भी गए थे। संस्था की तरफ से अफसरों को कई बार पत्र लिखा गया कि परिसर गहराई में बना है। जिससे सीवर ओवरफ्लो होता है। खासकर बारिश के दौरान। यही नहीं उससे पीने के पानी भी प्रभावित होता है।

## मार्च के महीने में मई जैसी तपिश, कई जिलों में पारा 40 के पार; दो दिन के बाद मौसम बदलने की उम्मीद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**लखनऊ।** यूपी में मौसम में अचानक से गर्मी बढ़ गई है। आज कई जिलों में पारा 40 के पार रह सकता है। मौसम विभाग ने गर्मी को लेकर अलर्ट जारी किया है। उत्तर प्रदेश में गर्मी ने सितम ढाना शुरू कर दिया है। बृहस्पतिवार को प्रदेश के दक्षिणी जिलों समेत प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर और बुंदेलखंड के इलाकों में दिन में गर्मी के साथ ही लू जैसे हालात रहे। लोग तल्ख धूप में अनावश्यक निकलने से बचते दिखे। वहीं पछुआ हवाओं ने भी रफ्तार पकड़ी। बृहस्पतिवार को दिन में पछुआ की रफ्तार 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे दर्ज की गई। इससे पहले बुधवार को कानपुर, झांसी, प्रयागराज, हमीरपुर में इस सीजन और इस साल का सबसे गर्म दिन रहा। इन इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया। राजधानी में बृहस्पतिवार को दिन में तल्ख धूप रही और उष्ण दिवस जैसे हालात रहे। दिन में 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से रूखी पछुआ हवाएं चली। वहीं रात के पारे में 2.5 डिग्री का उछाल आया। दोपहर की तीखी धूप में लोग अनावश्यक बाहर निकलने से बचते दिखे। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि 28 मार्च से पछुआ की रफ्तार और तेज होगी और तात्कालिक तौर पर तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी और तपिश भरी गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। अप्रैल की शुरूआत फिर से चढ़ते हुए पारे के साथ होगी। बृहस्पतिवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस की उछाल के साथ 39.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। वहीं रात का पारा 2.5 डिग्री सेल्सियस की उछाल के साथ 20.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। राजधानी में बृहस्पतिवार को पछुआ चलने से हवा की गुणवत्ता थोड़ी बेहतर हुई। औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक पीले यानी मध्यम श्रेणी में रहा। यहां छह वायु गुणवत्ता मापक स्टेशनों में से कुकरैल की हवा हरे यानी सेहत के लिए अच्छी श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं गोमतीनगर, तालकटोरा और लालबाग की हवा पीली यानी मध्यम श्रेणी में रही। अलीगंज की हवा सेहत के लिए खराब नारंगी श्रेणी में रही।



## मम्मी-पापा मुझे माफ करना सुसाइड नोट में लिखी रुला देनी वाली कहानी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**गोरखपुर।** 'मम्मी-पापा मुझे माफ करना सुसाइड नोट लिखकर युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। एक महीने बाद उसकी शादी होनी थी। लेकिन, डोली उठने से पहले घरवालों को उसकी अर्थी को कंधा देना पड़ा। यूपी के श्रावस्ती में शुक्रवार की सुबह सुसाइड नोट लिख युवती ने खुदकुशी कर ली। घरवालों ने फंदे से लटकती लाश देखी तो चीख उठे। एक महीने बाद बरात आनी थी। घर पर इसकी तैयारियां चल रही थीं। युवती ने सुसाइड नोट में दहेज की खातिर जान देनी की बात लिखी। लिखा कि लड़के वाले दहेज में पांच लाख नकद मांग रहे हैं। हमारे मां-बाप गरीब हैं। इसलिए, मैं जान दे रही हूं। मामला मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खांवा खुर्द का है। गांव निवासी रामकुमार वर्मा उर्फ डिप्टी को तीन बेटी एवं एक बेटा है। इनमें लक्ष्मी वर्मा (18), गायत्री (14), सावित्री (12) एवं अमित (9) है। रामकुमार ने अपनी पुत्री लक्ष्मी का विवाह नेपाल राष्ट्र के हुलासपुरवा ककरदरी निवासी अवधेश वर्मा के पुत्र रोहित वर्मा से तय किया था। 29 अप्रैल को लक्ष्मी व रोहित का विवाह होना था। घर में इसकी तैयारी चल रही थीं। शुक्रवार सुबह करीब 7.30 बजे लक्ष्मी ने अपने कमरे की छत में लगे कुंडे से दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। आत्महत्या से पूर्व लक्ष्मी ने एक सुसाइड नोट लिखा। इसमें लिखा कि 'मेरी शादी 29 अप्रैल 2025 को होनी थी। लेकिन, दहेज के लिए हमें यह करना पड़ा। मेरे मां-बाप बहुत गरीब हैं। किसी तरह से बीए तक पढ़ाएं हैं। शादी के लिए लड़का देखे जो केवल आठ तक पढ़ा हुआ है। दहेज में पांच लाख रुपये नकद मांगते हैं।




NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE
(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)
सर्टिफिकेट इन फायर सेफ्टी एण्ड इण्डस्ट्रीयल सिक्योरिटी
फायर सेफ्टी पर जिसकी कमाण्ड, उसकी ही है ग्लोबल डिमाण्ड
कोर्स के बाद सेफ्टी सुपरवाइजर, फायर प्रोटेक्शन, सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेटर आदि विभिन्न पदों पर नियुक्ति मिल जाती है। रिलीफ एजेन्सी N.G.O., डिफेन्स सर्विसेज फायर सर्विस आर्डिनेन्स फैक्ट्री, महानगर पालिका, नगर निगम, एयरपोर्ट, पावर प्लांट, स्टील प्लान्ट, माइनिंग इन्डस्ट्रीज, पेट्रोलियम कम्पनी, फूड इण्डस्ट्रीज, रिफाइनरीज, टेक्सटाइल मिल, टावर कम्पनी, इलेक्ट्रानिक कम्पनी, कोयले की खदानों एवं जहाजों आदि क्षेत्रों में फायर सेफ्टी के जानकारों को बहुत अधिक मौका मिलता है




नोटः फायर सेफ्टी कोर्स करें और देश -विदेश, सरकारी और प्राइवेट क्षेत्रों में अच्छे पैकेज के साथ नौकरी पायें।
Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480
ALL TYPE PRINTING SOLUTION Enjoy Publicity M. 9161135311, 9335136065



# प्रदेश आस/पास



भारत

## 30 मार्च को मनाई जाएगी मुख्तार की पहली बरसी, बेटा अब्बास भी हो सकते हैं शरीक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** मुख्तार अंसारी की मौत एक साल पहले हुई थी। बांदा से शव घर पहुंचने के बाद सुपुर्द-ए-



खाक की तारीख 30 मार्च होने के चलते इसी दिन पहली बरसी मनाई जाएगी। बांदा जेल में बंद रहे मरहूम माफिया मुख्तार अंसारी ने पिछले साल 28 मार्च को आखिरी सांस ली थी। पैतृक आवास पर शव लाने के बाद किए सुपुर्द-ए-खाक की तारीख के कारण पहली बरसी 30 मार्च को मनाई जाएगी। इसे लेकर पारिवारिक स्तर से तैयारी चल रही है।परिवार से जुड़े जिम्मेदारों के मुताबिक मुख्तार अंसारी के बड़े बेटे व मऊ से सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी भी शरीक हो सकते हैं। आईएस 191 गैंग के सरगना और पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक गैंगस्टर मुख्तार अंसारी बांदा जेल में बंद था। जहां तबीयत खराब होने के बाद हार्ट अटैक से उसकी मौत हुई थी। मुख्तार अंसारी का शव 29 मार्च को पोस्टमॉर्टम के बाद देर रात मुहम्मदाबाद स्थित फाटक पर लाया गया था। जहां अगले दिन 30 मार्च 2024 को रीति रिवाजों और नमाज के साथ कालीबाग, कब्रिस्तान में दफनाया गया। मुख्तार अंसारी की पत्नी आफ्शा अंसारी और बड़े बेटा अब्बास अंसारी अंतिम दीदार तक नहीं कर पाए थे। हालांकि बीते साल 10 अप्रैल को अब्बास अंसारी पिता की कब्र पहुंचे थे। आफ्शा अंसारी आजतक पति की कब्र पर नहीं पहुंच सकी है।पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, मुख्तार अंसारी के बड़े भाई पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी इस समय रमजान के आखिरी हफ्ते में मस्जिद में चले गए हैं। ईद का चांद दिखने के बाद ही वे घर लौटेंगे और फिर मुख्तार अंसारी के कब्र पर दुआओं को बक्शेंगे। अब्बास अंसारी मऊ से सुभासपा के विधायक है और इस समय सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सशर्त अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आया है। उनकी बात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के पंचायती राज और अल्पसंख्यक विभाग के कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर से फोन पर हुई है। इस बात की पुष्टि बृहस्पतिवार को जिले में आए खुद मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने मीडियो के एक सवाल के जवाब में की।

## राशिद नसीम की दो करोड़ रुपये की जमीन कुर्क करेगी वाराणसी पुलिस, गैंगस्टर एक्ट के तहत होगी कार्रवाई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** शाइन सिटी कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम के खिलाफ पुलिस बड़ी कार्रवाई करेगी। उसकी दो करोड़ रुपये की जमीन गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क की जाएगी।



ये कार्रवाई पुलिस आयुक्त के आदेश पर की जाएगी। शाइन सिटी कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम की दो करोड़ रुपये की जमीन जैतपुरा थाने की पुलिस गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क करेगी। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल के आदेश पर की जाएगी। कैंट थाने में 19 अक्तूबर 2021 को रासिद नसीम, उसके भाई आसिफ नसीम और सहयोगी डॉ. अमिताभ श्रीवास्तव के खिलाफ तत्कालीन इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह की तहरीर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। गैंग का लीडर राशिद नसीम है। गैंग का मुख्य काम जमीन और प्लॉट दिलाने का झांसा देकर आमजन के रुपये हड़पना है। राशिद नसीम के खिलाफ प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 500 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, 10 मुकदमों में कुर्की की उद्घोषणा के बाद भी शाइन सिटी कंपनी का सीएमडी राशिद नसीम अदालत में हाजिर नहीं हुआ। इसे लेकर अदालत के आदेश की अवहेलना के आरोप में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) की वाराणसी इकाई के इंस्पेक्टर विजय प्रकाश यादव की तहरीर पर राशिद नसीम के खिलाफ कैंट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर विजय प्रकाश यादव के अनुसार राशिद नसीम के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक षड्यंत्र से जुड़े 10 मुकदमों में अदालत ने उसे गत दिनों फरार घोषित करते हुए कुर्की की उद्घोषणा जारी की थी। अदालत ने आदेशित किया था कि राशिद नसीम हाजिर हो।


# अल्पकालीन निविदा/कोटेशन सूचना 2025-26

कार्यालय ग्राम पंचायत- मीतापुर विकास खंड- राबट्‌र्सगंज जिला- सोनभद्र

पत्रांक- मेमो0 दिनांक - 28.03.2025

सर्वसाधारण को सचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मीतापुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 मे मनरेगा/राज्य बिस/केन्द्रीय वित्त/SLWM/SBM अन्य निधियों से प्राप्त धनराशि से निमार्ण कराये जाने हुतु व्यापार कर विभा आयकर में पंजीकृत फर्मो के द्वारा ग्राम पंचायत परिधि के अन्दर निम्न विवरणनुसार कार्यस्थल पर सामग्री आपूर्ति कराने हेतु अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। ईट प्रथम श्रेणी, सोलर लाईट,स्ट्रीटा लाईट, टैकर क्रय, टैंकर मरम्मत बालू, डाला गिट्टी, सोलिंग गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, सीमेंट पटिया, टीन शेड, ऐजबेस्टेस सीट, शौचालय निर्माण सामग्री, PVC पाईप बौल्डर, सरिया, स्टोन डस्ट, GSB, हैडपंप सामग्री, हैडपंप रिबोर/बोर, पंन्टिग सामग्री, ई-रिक्शा, ढेला-गाडी, सफाईकर्मी , किट हयूम पाईप, सीमेन्ट बेच, लोहे का ( दरवाजा, खिडकी,एंगल,पाईप ), बिजली वायरींग सामग्री, समरसिवल पंप सोलर पंप, अन्य सामग्री। इच्छुक आपुर्तिकर्ता निविदा दिनांक 29.03.2025 सें 07.04.2025 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 10.00 से 02.00 बजे तक जमा कर सकते हैं जिसे दिनांक 08.04.2025 को 03.00 बजे निविदा दाताओं को उपस्थित रहना चाहते है के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोला जायेगा।

प्रतिबंध और शर्ते- 1- निविदा की सभी दरें कर सहित लोक निर्माण विभाग की स्वीकृत दर से अधिक नही होनी चाहिए। 2 जमानत धनराशी और अन्य जानकारी हेतु ग्राम पंचायत कार्यालय से सम्पर्क कर सकते है। 3 खराब ओपूर्ति की दशा में जमानत की राशि जब्त की जायेगी। 4 सशर्त निविदा स्वीकार्य नही की जायेगी। 5 बिना कारण बताये किसी भी समय निविदा निरस्त करने का अधिकर अधोहस्ताक्षरी का होगा।

ग्राम प्रधान- मीतापुर
विकास खंड- राबट्‌र्सगंज सोनभद्र

ग्राम ए0 सचिव- मीतापुर
विकास खंड- राबट्‌र्सगंज सोनभद्र


## आसमान से बरस रही आग, वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर और जौनपुर में पारा 40 के पार; इन जिलों में अलर्ट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** पूर्वांचल के सभी जिलों में मौसम ने करवट ले ली है। मार्च में ही जून जैसी गर्मी लोगों को महसूस हो रही है। दिन में तेज धूप के चलते घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।मार्च के आखिरी सप्ताह में ही आसमान से आग बरसनी शुरू हो गई। बृहस्पतिवार को वाराणसी, चंदौली, मिर्जापुर, जौनपुर में पारा 40 के पार पहुंच गया है। पूर्वांचल के अन्य जिलों में भी तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही रहा। इस झुलसाने वाली गर्मी से आमजन बेहाल रहे। सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, भदोही में अलर्ट जारी किया



गया है।यूपी आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अगले दो दिनों तक तापमान 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरेगा। वाराणसी में अधिकतम पारा 40.6, सोनभद्र में 39.2 डिग्री, मिर्जापुर में 42 डिग्री, चंदौली में 41 डिग्री, जौनपुर में 40 डिग्री, मऊ में 38 डिग्री और आजमगढ़ में 39 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। गाजीपुर में अधिकतम तापमान 39.7, भदोही में 40, वलिया में 39 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां पर हीट वेव के मरीजों के लिए जिला अस्पताल में 12 बेड का कोल्ड वार्ड बना दिया गया है।

## युवती का आरोप, दुष्कर्म का वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल, धर्म परिवर्तन कर निकाह का बनाया दबाव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**बलिया।** बलिया जिले में एक युवती ने दूसरे समुदाय के युवक पर छेड़छाड़ करने और दुष्कर्म कर



वीडियो बनाने और ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। बलिया जिले के सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती ने थाने में दूसरे समुदाय के युवक के विरुद्ध दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन कर जबरन निकाह करने का आरोप लगाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। तहरीर में पीड़िता ने उल्लेख किया है कि वह क्षेत्र के डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। कॉलेज आते व जाते वक्त आजाद अंसारी निवासी हरदिया जमीन थाना सिकंदरपुर रास्ते में घेरकर जबरदस्ती बात करता था। छेड़छाड़ करता था। फाइनेंस कंपनी में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 17 दिसंबर 2024 को अपने साथ बेल्थरारोड ले गया और एक होटल के कमरे में ले जाकर रखा। आरोप लगाया कि चाय में कुछ नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से वीडियो बनाया। उक्त वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल करने लगा। सोशल मीडिया पर वीडियो डालने की धमकी देकर जबरन कई बार संबंध बनाया। 11 मार्च की सुबह अपना रिजल्ट देखने जा रही थी तो जबरन बाइक पर बैठाकर बेल्थरारोड ले गया और वहां अपनी बाइक रखी। डरा धमकाकर ट्रेन से मुंबई लेकर चला गया। वहां एक मकान में दो दिन तक रखा। इसके बाद इस्लाम कबूल करने और अपने साथ निकाह करने के लिए दबाव बनाने लगा। युवती ने बताया कि उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया। उससे बचने के लिए कहा कि पहले मुझे घर पहुंचाओ। इसके बाद मैं धर्म परिवर्तन व निकाह के बारे मे सोचूंगी। इस पर आजाद उसे बलिया लाकर छोड़ दिया। युवती ने खुद को गर्भवती भी बताया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसओ विकास चंद्र पांडेय ने बता कि युवती की तहरीर के आधार पर मामले में मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## जमीन बेचकर पैसा नहीं देने पर बेटे ने मां को मारा शव के पास बैठकर किया ये काम; युवक की करतूत से सब सन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** बताया जा रहा है कि करीब एक माह पूर्व मां इशरावती ने अपनी कुछ जमीन बेची थी और



रुपये सिर्फ छोटे भाई अनुराग को दिए थे। इसकी जानकारी होने के बाद बड़े बेटे से कहासुनी हुई थी और दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के अहिरौली बाजार में जमीन बेचकर पैसा नहीं देने पर बड़े बेटे ने मां का चाकू से घर में बृहस्पतिवार को गला रेतकर मार डाला। दूसरे के मोबाइल से पुलिस को फोन कर मां की हत्या करने की जानकारी दी। मौके पर आई पुलिस को देख गांव वालों की भीड़ दरवाजे पर जुट गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। चाकू व शव को कब्जे में लेकर चली गई। अहिरौली थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव निवासी इशरावती देवी (60) घर पर अकेले रहती थीं। बड़ा बेटा बृजभूषण दुबे उर्फ पप्पू (48) अपने परिवार के साथ पंजाब में रहकर कृषि विभाग की किसी कंपनी में काम करता है। वहीं छोटा बेटा अनुराग दुबे अपने परिवार के साथ गोरखपुर में रहता है। वर्ष 2020 कोरोना काल में अनुराग के पिता की मौत हो गई और पुश्तैनी जमीन दोनों भाइयों व मां के नाम से राजस्व अभिलेख में दर्ज हो गई। करीब एक माह पूर्व इशरावती ने अपनी कुछ जमीन बेची थी और रुपये सिर्फ अनुराग को दिए थे। इसकी जानकारी होने के बाद बड़े बेटे से कहासुनी हुई थी और दोनों के बीच मनमुटाव चल रहा था। बृहस्पतिवार को पंजाब से शाम करीब 4 बजे बृजभूषण घर पहुंचा और घर में अकेली बुजुर्ग का चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। करीब आधे घंटे तक घर में शव के पास बैठा रहा। इसके बाद दूसरे के मोबाइल से 112 नंबर डायल कर मां की हत्या करने की सूचना दी। शाम करीब 5 बजे पुलिस पहुंची और गांव वालों से घटना का जिक्र करते हुए आरोपी का घर पूछा तो लोग भी दंग रह गए, किसी को इसकी जानकारी नहीं थी। दरवाजे पर पुलिस के साथ लोग घर पहुंचे। अंदर का दृश्य देखकर सभी हैरान हो गए। आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। गांव में पहुंचे सीओ ने आस-पास के लोगों से बात कर घटना की जानकारी ली। इसकी जानकारी होने पर अनुराग भी अपने परिवार के साथ घर आ गया। अनुराग ने मां की हत्या करने वाले बड़े भाई के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है। सीओ कुंदन सिंह ने बताया कि जमीन बेचकर मां ने बड़े बेटे को पैसा नहीं दिया था। इसलिए उसने वारदात को अंजाम दिया। मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## सीएम योगी ने अस्पताल पहुंचकर जाना बीमार मानसिक मंदित बच्चों का हाल, 27 का चल रहा इलाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**वाराणसी।** सीएम योगी आदित्यनाथ सुबह करीब 10 बजे लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। उन्होंने यहां भर्ती निर्वाण संस्था के मानसिक मंदित बीमार बच्चों की सेहत का हाल जाना। चार दिन पहले खाना खाने के बाद संस्था के करीब 70 बच्चे बीमार हो गए थे। इनमें से अब तक चार की मौत हो चुकी है। 27 का इलाज चल रहा है। राजधानी लखनऊ में खाना खाने के बाद बीमार हुए निर्वाण संस्था के बच्चों का हाल जानने शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। उन्होंने एक-एक बच्चे के बेड पर जाकर उनके इलाज और उनकी तबीयत में सुधार की जानकारी ली। वह बच्चों से मिलकर भावुक दिखे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों और डॉक्टर्स को समुचित इलाज करने के निर्देश दिए। उन्हें पूर्ण रूप से स्वस्थ होने के बाद ही डिस्चार्ज करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने बच्चों के खाने-पीने की प्रॉपर व्यवस्था करने को भी निर्देशित किया।एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि फूड पॉइजनिंग से प्रभावित 16 बच्चों को गुरुवार को वार्ड नंबर 30 के अंतर्गत जनरल पुरुष वार्ड में भर्ती कराया गया था। वर्तमान में सभी बच्चों की हालत सामान्य है। सभी बच्चों की रेगुलर मॉनिटरिंग की जा रही है। इस दौरान प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री



कार्यालय संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव लीना जौहरी, लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रौशन जैकब, जिलाधिकारी विशाख जी, अस्पताल के एमएस डॉ. अजय शंकर त्रिपाठी, डॉ. सरोज और डॉ. राजीव दीक्षित आदि मौजूद रहे। निर्वाण संस्था में मानसिक मंदित बच्चों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ हुआ है। 23 मार्च की रात भोजन के बाद बीमार पड़ने वाले बच्चों में जान गंवाने वाले की संख्या चार हो चुकी है। लोकबंधु अस्पताल में 24 मार्च को 12 वर्ष के शिवांक की मौत हो गई थी। संस्था के लोगों ने इस घटना को दबा दिया था। बुधवार को रेनू (15) व दीपा (15) की मौत के बाद पूरा मामला खुला। अब खुलासा हुआ है कि बलरामपुर अस्पताल भर्ती सूरज (12) की 25 मार्च को इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इसे मौत को भी छिपाने की कोशिश हुई। अभी भी एक बच्चे की हालत नाजुक है, जो आईसीयू में भर्ती है। डॉक्टरों की टीम उसकी सेहत की निगरानी में लगी है।

# कचहरी परिसर में पानी की समस्या को हल करने की मांग

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** डिस्ट्रिट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में एक बैठक एसोसियेशन के




उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई ! बैठक में गर्मी में अधिवक्ताओं की बैठने की व्यवस्था, सफाई, पेयजल व शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को ठीक करने पर विचार विमर्श किया गया ! डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट ने कहा कचहरी परिसर में बढ़ती अधिवक्ताओं की संख्या की अपेक्षा बैठने की जगह ही कम है। कचहरी परिसर में गंदगी का अंबार लगा मिला। कचहरी परिसर स्थित सभी शौचालयों में कही दरवाजा टूट गया कही पर गंदगी एवं पानी का अभाव होने की वजह से अधिवक्ताओं एवं वादकारियो को कठिनाई का सामना करना पड़ता है ! इसमें भी खासकर महिला अधिवक्ता एवं महिला वादकारियों को जिसे अविलंब ठीक किया जाना चाहिए ! महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट ने कहा कि कचहरी परिसर में एक वॉशरूम नहीं बना है। कचहरी में आने वाली महिला वकीलों और वादकारियों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या है।डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी राजेश कुमार यादव ने कहा कि कचहरी परिसर में कहीं भी अधिवक्ताओं एवं अधिकारियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं है परिसर में जो नवीन बोरिंग हुई है उसमें भी आर ओ तथा पानी पीने की व्यवस्था नहीं की गई है तुरंत गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त किया जाए तत्काल में एक टैंकर लगाया जाए जिससे पानी पीने की व्यवस्था तुरंत उपलब्ध हो सके ! संचालन मीडिया प्रभारी राजेश कुमार मौर्य एड ने किया ! बैठक में कामता प्रसाद यादव, प्रेमप्रताप विश्वकर्मा, सुरेश सिंह कुशवाहा, कृष्णानंद सिंह, राम गुल्ली यादव, अभिषेक सिंह, अमरेश कुमार विश्वकर्मा, रमेशचंद्र मौर्या एड, अनिल कुमार सिंह एड, शाहनवाज खान एड आदि पदाधिकारी एवम् सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सभी के सहयोग से संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जाएगा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाए जाने के लिए खंड विकास अधिकारियों की अध्यक्षता में विभिन्न ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम प्रधानों और सचिवों की बैठक हुई। इसमें



जिम्मेदारी तय की गई। खंड विकास अधिकारी सीटी मुनीश कुमार सिंह ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान सभी के सहयोग चलाया जाएगा।उन्होंने ग्राम प्रधानों से अभियान को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील की। एडीओ पंचायत डॉ. अनूप कुमार दुबे ने जल जनित रोग एवं वेक्टर जनित बीमारियों पर अंकुश लगाने पर जोर देते दिया। शौचालय का प्रयोग करने, हैंडपंपों के साथ अपने घरों के आसपास सफाई रखने पर जोर दिया। बैठक में बीसी विभा बिंद, राजाराम, दिनेश कुमार, विजय प्रताप, सौरभ गोड़, अर्चना यादव आदि रहे। हलिया, ब्लॉक सभागार में बैठक में खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए सभी ग्राम सभा में ग्राम प्रधान नोडल होंगे एवं निगरानी समिति के माध्यम से समस्त ग्राम सभा में बैठक कर जल जनित रोग एवं वेक्टर जनित बीमारियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया जाएगा। जमालपुर, ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों, सचिवों एवं रोजगार सेवकों को एक से 30 अप्रैल तक गांवों में चलने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान के बारे में जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा संचारी रोग पर नियंत्रण के लिए सबकी सहभागिता जरूरी है। इस दौरान एडीओ पंचायत पुरेंद्र चंद्र, एडीओ कृषि शनि सिंह, एडीओ एसटी नेहा सेठ, ग्राम प्रधान दिनेश बिंद आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा माफिया द्वारा मनमाना वसूली से आम जनमानस त्रस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।**भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय राष्ट्रीय संगठन के जिला



अध्यक्ष अंशु गुप्ता के नेतृत्व में बढ़ती स्कूल फीस व मनमानी पुस्तक के दाम की बढ़ोतरी को लेकर अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा के नाम से ज्ञापन दिया गया जिसको उपजिलाधिकारी राबर्ट्सगंज ने लिया , संबंधित ज्ञापन में जिला अध्यक्ष एनएसयूआई सोनभद्र ने कहा कि देखा जाए तो हर साल ही जनपद में चल रहे विद्यालयों में, डिग्री कॉलेज में फीस बढ़ती जा रही है आम जनमानस जहां एक और महंगाई से त्रस्त है वहां बच्चों की शिक्षा को लेकर उसे और कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जहां एक ओर एडमिशन के नाम पर पैसा लिया जाता है वह दूसरी ओर फीस के नाम पर हर साल बढ़ोतरी होती चली जा रही है , साथ में विद्यालय में चल रहे पुस्तकों पर भी दाम का अंकुश नहीं है । जिससे हर वर्ग के लोगों पर जीवन अच्छा खासा प्रभाव पड़ रहा है शिक्षा महंगी हो जाने के कारण कई अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दिलाने में असमर्थ होते जा रहे हैं । छात्र संगठन द्वारा छात्रों के भविष्य को देखते हुए अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा से निवेदन किया गया कि विद्यालयों की मनमाना फीस बढ़ोतरी/ काफी किताब के मूल्य पर अंकुश लगाते हुए इसका एक मानक तय किया जाए जिससे अभिभावक बच्चों को उचित शिक्षा दिलवा सके और देश का भविष्य शिक्षित हो सके।
छात्र नेता संदीप ने कहा कि हर साल चाहे वह एलकेजी के बच्चों हो चाहे वह ग्रेजुएशन के बच्चों की शुल्क बढ़ोतरी से मध्यम परिवार के ऊपर बहुत आघात पहुंच रहा है जिसे जीवन यापन करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है, छात्र नेता सौम्य सोनकर ने कहा कि आए दिन कापी किताबों के दाम बढ़ोतरी के कारण भाजपा शासन में शिक्षा भी ग्रहण करना मुश्किल होता जा रहा है ,ज्ञापन में उपस्थित रहने वालों में दिव्यांशु कुमार, अमन पण्डित , राहुल मदेशिया , संदीप रहे ।

# टिपर ने बाइक सवार को मारी टक्कर घायल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत डाला



बारी सुभाष पेट्रोल पंप के सामने शुक्रवार सुबह लगभग 10:30 बजे एक टीपर बोल्डर लादकर डाला बारी ओवर ब्रिज होते हुए वाराणसी शक्ति नगर राज्य मार्ग पर तेज रफ्तार जा रही थी उसी दौरान सामने जा रहा बाइक सवार को टीपर चालक ने टक्कर मारते हुए आगे निकल गया जिसमें हिमांशु पांडे पुत्र राजकुमार निवासी रन टोला म्योरपुर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया इसकी सूचना स्थानीय लोगों ने डाला पुलिस व 112 को दे दिया गया सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने घायल को एंबुलेंस द्वारा चोपन सामुदायिक स्वास्थ्य भेज दिया गया जिसके बाद पुलिस ने टिपर व बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी।

# एक दिवसीय माटीकला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** जिला ग्रामोद्योग कार्यालय उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड जनपद-सोनभद्र द्वारा शिक्षित बेरोजगार नवयुवको /



युवतियों को स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कियाशील व्यक्तियों को उद्योग की स्थापना करने एवं रोजगार सृजन बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डायट परिसर सोनभद्र में एक दिवसीय माटीकला जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम का संचालन महेश इण्डियन ट्रेनिंग सेन्टर के द्वारा किया गया, आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, द्वारा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एंव दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव द्वारा को पुष्प गुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी महोदया के कर कमलों द्वारा चयनित 30 प्रजापति लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व कुम्हारी विद्युत चालित चाक का निःशुल्क वितरण किया गया साथ ही साथ खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् स्वरोजगार प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योगी इकाइयों की स्थापना हेतु प्रत्येक विकास खण्ड से चयनित 2 ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड लखनऊ से प्राप्त प्रोत्साहन धनराशि रु0-2000.00 का चेक, अंगवस्त्र जिस पर विभाग / बोर्ड का लोगो अंकित था एवं प्रशस्ति पत्र महोदया द्वारा प्रदान किया गया। उक्त आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र से राजधारी गौतम, जिला अग्रणी प्रबन्धक शलन बागे, डी0डी0एम0 नाबार्ड आनन्द कुमार पाण्डेय, निदेशक (आरसेटी) आदि उपस्थित रहे। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी किरन श्रीवास्तव द्वारा विभाग से संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में बताया गया उपायुक्त उद्योग से राजधारी गौतम द्वारा लघु उद्योग से सम्बन्धित चल रही योजनाओं एवं एल0डी0एम0 एवं सोनभद्र द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं में बैंको से किस प्रकार ऋण लिया जा सकता है तथा ऋण लेने के सम्बन्ध में निदेशक (आरसेटी) एवं डी0डी0एम0 नाबार्ड द्वारा लाभार्थियों को प्रशिक्षण लेने हेतु जानकारी प्रदान की गयी। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी द्वारा आशीर्वचन के रुप में सभी प्रधानों को बधाई दी गयी तथा लाभार्थियों को प्रोत्साहित किया गया अपने उद्बोधन में बताया गया कि पहले पत्थर चाक की अपेक्षा वर्तमान में इलैक्ट्रिक चाक से कम परिश्रम एवं कम समय में अधिक गुणवत्ता वाले अधिक मात्रा में मिट्टी के बर्तन बनाये जा सकते हैं। प्लास्टिक का प्रयोग बन्द करने के लिए एवं इको फ्रेन्डली कुल्हड़ का प्रयोग करने के लिए बढावा दिया गया तथा महोदया द्वारा स्टॉल पर लगे मिट्टी के बर्तनों दीया, परई, कलसा, गुल्लक आदि का निरीक्षण किया एवं विद्युत चालित चाक पर मिट्टी से दीया बनाया गया। कार्यक्रम का समापन जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा सभी को बधाई देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

# सुरक्षा व्यवस्था के बीच पढ़ी गई जुम्मे की आखिरी नमाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** जिले में आखिरी जुम्मे की नमाज को देखते हुए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था के बीच पढ़ाई गई आखिरी जुम्मे की नमाज । सदर एसडीएम उत्कर्ष द्विवेदी व सिटी सीओ डॉक्टर चारू द्विवेदी के नेतृत्व में रावटसगंज नगर के सभी मस्जिदों पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की पड़ताल अमन चैन को लेकर एक दूसरे को भी बधाई। सदर एसडीएम उत्कर्ष द्विवेदी ने बताया कि शांति व्यवस्था के साथ आखिरी जुमे की नमाज पढ़ी गई क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद है संबंधित थाना चौकी व अन्य को कड़े दिशा निर्देश दिए गए थे शांतिपूर्वक अदा हुई नवाज़।




# जामा मस्जिद में अकीदत के साथ अदा की गई अलविदा जुमा की नमाज

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**डाला सोनभद्र।**स्थानीय नगर क्षेत्र में स्थित डाला जामा मस्जिद में



शुक्रवार को अकीदत के साथ अलविदा जुमा की नमाज अदा करते हुए मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।मुस्लिम समुदाय में रमजान के महिने में इस आखिरी जुम्मा बहुत ही खास होता हैं।नमाज अदा करने आये बच्चे,युवाओं,व बुजुर्ग सभी के चेहरे पर पाकीज़गी की चमक दमक रही थी।डाला स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार को पुरे अकीदत और एहतेराम के साथ अलविदा जुमा की नमाज अदा करने के बाद पेश इमाम जुबेर अहमद ने खुत्बा और तकरीर में अलविदा जुमा की अहमियत को समझाया तथा ईद को रमजान का तोहफा बताया।सदर जहीरूद्दीन व नायब सदर इश्तियाक अहमद ने सामुहिक रूप से बताया कि रमजान में बरकत व रहमत सबसे ज्यादा होती हैं।अलविदा जुमा की नमाज को लेकर डाला चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल,मनोज कुमार,मुकेश कुमार सुरक्षा के दृष्टिकोण से डटे रहे।

# मुख्य विकास अधिकारी ने किया निरीक्षण

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।** मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज ग्राम



मानपुर, विकास खण्ड राबर्ट्सगंज का निरीक्षण किया निरीक्षण के समय जिला विकास अधिकारी खण्ड विकास अधिकारी राबर्ट्सगंज ग्राम पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय मानुपर में कुल 56 छात्र/छात्रायें पंजीकृत है जिसके सापेक्ष 38 छात्र/छात्रायें उपस्थित पाये गये विद्यालय में दो सहायक अध्यापक श्रीमती रूप कुमारी एवं श्रीमती शशिकला तैनात है किन्तु श्रीमती रूप कुमारी सहायक अध्यापक मौके पर अनुपस्थित पायी गयी अवगत कराया गया कि श्रीमती रूप कुमारी सहायक अध्यापक प्रशिक्षण पर गयी है जबकि विद्यालय में परीक्षा चल रही है निर्देश दिया गया कि परीक्षा के समय प्रशिक्षण क्यों कराया जा रहा है खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विगत 03 माह से विद्यालय का निरीक्षण कर पंजिका को अवलोकित नही किया गया है। मध्यान्ह 12:30 बजे आंगनबाड़ी केन्द्र बन्द पाया गया। निरीक्षण के समय गांव की नाली चोक पायी गयी तथा साफ-सफाई की स्थित बहुत खराब पायी गयी। इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम में तैनात सफाई कर्मी से नियमित रूप साफ-सफाई का कार्य कराया जाय ग्राम पंचायत मे प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत सर्वेयर द्वारा आवास प्लस में पात्र लाभार्थियों का नाम जोड़ने हेतु सर्वे किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा श्रीमती अकली पत्नी बड्डुक प्रसाद का सर्वे अपने समक्ष कराया गया। सर्वे के द्वारा यह ज्ञात हुआ कि इस लाभार्थी को अभी तक शौचालय नही मिला है। इस ग्राम पंचायत में लाभार्थियों द्वारा 83 सेल्फ सर्वे तथा सर्वेयर द्वारा 151 कुल 234 आवासों का सर्वे किया जा चुका है। ग्राम पंचायत सचिव एवं सर्वेयर को निर्देशित किया गया कि आवासों का सर्वे पूर्ण करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च, 2025 तक ग्राम के सभी पात्र लाभार्थियों का आवास हेतु सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया जाय। आवास सर्वे में कोई भी पात्र लाभार्थी छूटने न पाये, यदि कोई पात्र लाभार्थी अवशेष रहता है, तो इसके लिए सर्वेयर के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। जीरो पावर्टी के अन्तर्गत चयनित लाभार्थी श्रीमती मुनिया पत्नी शिवधारी से मौके पर जाकर जानकारी प्राप्त की गयी। आवास प्लस सर्वे में अब तक 148341 पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जा चुका है। सर्वे पूर्ण करने की अन्तिम तिथि 31 मार्च, 2025 है।

# कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन का जिला अधिकारी को दिए ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र ।**कलेक्ट्रेट परिसर में टेंपो चालकों ने शुक्रवार को अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सोप पत्र ऑटो चालकों ने बताया कि चूर्क टैंपो स्टैण्ड के टैंपो ड्राइबर निकाल लेते थे जिसमे परियार का गुजर-बसर व बच्चों की पढ़ाई लिखाई हो जाती थी। किन्तु जब से पुलिस विभाग ने हम लोर्गा को भगाकर रोबर्टसगंज रामलीला मैदान से हटाकर दिया और टैंपो अगर जो टोटों अपने रोड को छोड़कर दूसरी रोड पर जाएगी उस पर कानूनी कार्यवाही की जायेगी । किन्तु आज तक टोटों ड्राइवर इस नियम का पालन नहीं किए और हाइवे रोड पर 20-25 की0मी0 दूर



है तथा बहुत ही गरीब, भूमिहीन व्यक्ति है जो टैंपो ड्राइवरी करके अपने परिवार की जीविका चलाते है। हम लोग चुर्क से रॉबर्टसगंज सोनभद्र मार्ग पर चुके स्टैण्ड से रॉबर्टसगंज मण्डी समिति गेट तक ही अपनी टैंपो चलाते उसके आगे पुलिस हम लोगों को नहीं जाने देती । पहले हम लोगों की टेंपो रुबर्टसगंज रामलीला मैदान तक चलती थी तथा रामलीला मैदान के अंदर खड़ी होती थी। हम लोग आपस में नंबर लगाकर अपने-अपने नबर के हिसाब से चलते थे और किसी तरह अपना खर्चा खुराकी स्टैण्ड मण्डी समिति के पास बना दिया तब से खाने के लाले पड़ गए है। बच्चों के स्कूल की फीस भी नहीं दी जा पा रही है। फीस जमा न करने के कारण बच्चों की पढ़ाई भी छूट जा रही है। हम सभी टोटों बालों से परेशान है क्योंकि ये लोग चुर्क से लेकर रॉबर्टसगंज मेन मार्केट लक सवारी बैठाकर ले जाते व ले आते है। हम लोगों ने अपनी समस्याओ से पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक, यातायात प्रबारी महोदय को अवगत कराया जहाँ आदेशित किया गया की टोटों वाले निर्धारित रोड पर ही चलेंगे। और तक आ जा रहे है जिससे दुर्घटनाये भी हो रही है। अगर हम लोग मना करते है तो टोटों ड्राइवर मार-झगडा पर आमादा हो जाते है। अगर टोटों ड्राइवर अपने निर्धारित मार्ग पर निर्धारित स्थान तक ही चले तथा टैंपो स्टैण्ड पूर्व की स्थित में रामलीला मैदान रॉबर्टसगंज में बना दिया जाय तो सारी समस्या ही हम हो जाएगी । की हम लोगों की स्थिति को देखते हुए समस्या का निराकरण करने की कृपा करें। टैंपो स्टैण्ड, चुर्क के ऑटो चालक विनोद सिंह संतोष कुमार राकेश रमेश पिंटू यादव गुरु चरन आदि रहे।

# स्पोर्ट्स



## मेगा नीलामी में रहे अनसोल्ड, लखनऊ ने दिया मौका तो उठाया लाभ; चार विकेट लेकर चमके शार्दुल ठाकुर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की आईपीएल के 18वें सत्र की शुरुआत से ठीक पहले लखनऊ में एंट्री हुई थी। उन्हें फ्रेंचाइजी ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शामिल किया गया। दिल्ली के खिलाफ खेले गए पहले मैच में शार्दुल ने दो ओवर गेंदबाजी की थी और दो विकेट चटकाए थे। बुधवार को हैदराबाद के खिलाफ मैच में 33 वर्षीय गेंदबाज ने अपने चार ओवर के स्पैल में 34 रन खर्च करते हुए चार विकेट झटके आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। 18वें सत्र का सातवां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ के ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने चार विकेट लेकर आलोचकों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। वह मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहे थे।भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर की आईपीएल के 18वें सत्र की शुरुआत से ठीक पहले लखनऊ में एंट्री हुई थी। उन्हें फ्रेंचाइजी ने चोटिल मोहसिन खान की जगह शामिल किया गया। दिल्ली के खिलाफ खेले गए पहले मैच में शार्दुल ने दो ओवर गेंदबाजी की थी और दो विकेट चटकाए थे। बुधवार को हैदराबाद के खिलाफ मैच में 33 वर्षीय गेंदबाज ने अपने चार ओवर के स्पैल में 34 रन खर्च करते हुए चार विकेट झटके। इसी के साथ वह पर्पल कैप की दौड़ में शीर्ष पर पहुंच गए। अब उनके नाम कुल छह विकेट हो गए हैं और आईपीएल में उनके 100 विकेट भी पूरे हो गए। पांव की सर्जरी के बाद वापसी करने पर शार्दुल ने मुंबई की तरफ से रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने रणजी में नौ मैचों में 505 रन बनाए थे और 35 विकेट लिए थे। आईपीएल नीलामी में नहीं चुने जाने के बाद ठाकुर ने काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए एसेक्स के साथ अनुबंध किया था। हालांकि, शार्दुल ने पहले ही एसेक्स को बता दिया था कि अगर आईपीएल की कोई फ्रेंचाइजी अगर किसी चोटिल खिलाड़ी के स्थान पर उन्हें अपनी टीम में शामिल करती है तो वह यह प्रस्ताव स्वीकार कर लेंगे। मोहसिन को पिछले साल दिसंबर में विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान दाहिने घुटने में चोट लग गई थी। वह इसके बाद लखनऊ की टीम के शिविर में शामिल हुए थे, लेकिन अभी चोट से उबरने की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। शार्दुल इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स, दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स टीम का हिस्सा रह चुके हैं। उन्होंने अब तक इस लीग में 99 मैचों में 102 विकेट लिए हैं। उनका इकोनॉमी रेट 9.23 का रहा है। 36 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इसके अलावा वह 136.44 के स्ट्राइक रेट से 307 रन भी बनाए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। शार्दुल ठाकुर की घातक गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को 190 रन के स्कोर पर रोक दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 191 रन का लक्ष्य तैयार किया है। उनके लिए ट्रेविस हेड ने सर्वाधिक 47 रनों की पारी खेली। लखनऊ के लिए शार्दुल के अलावा आवेश, दिग्वेश, बिश्नोई और प्रिंस यादव ने एक-एक विकेट चटकाया। मुकाबले की शुरुआत से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि अपने घर में मुकाबला खेल रही हैदराबाद 300 से ज्यादा का स्कोर तैयार कर सकती है। हालांकि, लखनऊ के घातक गेंदबाजों ने उन्हें 200 का आंकड़ा भी नहीं छूने दिया। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक शर्मा सिर्फ छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पिछले मैच में शतक जड़ने वाले ईशान किशन आज खाता भी नहीं खोल पाए। शार्दुल ठाकुर ने दोनों बल्लेबाजों को पारी के तीसरे ओवर में लगातार दो गेंदों पर आउट किया। इसके बाद ट्रेविस हेड को नितीश कुमार रेड्डी का साथ मिला और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 61 रनों की साझेदारी हुई। हेड 28 गेंदों में 47 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया। दो बार मिले जीवनदान का सलामी बल्लेबाज फायदा नहीं उठा सके।



## जहीर खान ने कहा था प्लेयर ऑफ द मैच 'लॉर्ड शार्दुल' का बयान, बोले- उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शार्दुल ने हैदराबाद की पारी के तीसरे ओवर में लगातार गेंदों पर अभिषेक शर्मा और पिछले मैच के शतकवीर ईशान किशन को आउट करके एलएसजी को शानदार शुरुआत दिलाई थी। इसके बाद उन्होंने अभिनव मनोहर और मोहम्मद शमी के विकेट लिए। शार्दुल को उनके बेस प्राइस दो करोड़ रुपये में लखनऊ ने अपने साथ जोड़ा। उन्हें मोहसिन खान का रिप्लेसमेंट बनाया गया। आईपीएल 2025 में लखनऊ सुपरजाएंट्स ने वह कर दिखाया जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। ऐसा कहा जा रहा था कि ऑन पेपर लखनऊ की गेंदबाजी बेहद कमजोर है, लेकिन उसी गेंदबाजी लाइन अप की बदौलत लखनऊ ने पहले सनराइजर्स हैदराबाद को 200 के अंदर रोका और फिर 23 गेंद रहते पांच विकेट से जीत हासिल की। लखनऊ ने उस टीम को हराया, जिसे इस सीजन की सबसे मजबूत टीम माना जा रहा है। लखनऊ की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले शार्दुल ठाकुर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद उन्होंने कहा कि नीलामी में नहीं बिकने के बाद वह निराश जरूर थे, लेकिन उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं। शार्दुल ने जहीर खान का भी जिक्र किया और कहा कि उन्होंने मुझसे उम्मीद बनाए रखने के लिए कहा था। शार्दुल ने मैच में चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके। लखनऊ ने हैदराबाद को हराकर बाकी टीमों के लिए भी उम्मीद जगाई है कि मैदान पर अच्छा खेल मायने रखता है, ऑन पेपर मजबूती नहीं। प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड पाने के बाद शार्दुल से पूछा गया कि नीलामी में नहीं बिकने पर क्या उन्होंने इस सीजन खेलने के बारे में सोचा था? इस पर शार्दुल ने कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो नहीं, लेकिन मैंने अपनी योजना बना ली थी। आईपीएल में नहीं चुने जाने की स्थिति में मैंने काउंटी क्रिकेट खेलने की भी योजना बनाई थी। जब मैं रणजी ट्रॉफी में खेल रहा था तो जहीर खान ने मुझे फोन किया था। उन्होंने मुझसे कहा कि आपको रिप्लेसमेंट के रूप में बुलाया जा सकता है, इसलिए खुद को स्विच ऑफ मत करो। यदि आपको रिप्लेसमेंट के रूप में बुलाया जाता है, तो आपके प्लेइंग-11 में खेलने की संभावना है।'शार्दुल ने कहा, 'उतार-चढ़ाव जीवन का हिस्सा हैं। मैंने हमेशा अपने स्किल का समर्थन किया है। कुछ स्विंग और जैसा कि मैंने पहले भी देखा है, हेड और अभिषेक को रिस्क उठाना और मौके का फायदा उठाना पसंद है। इसलिए मैंने सोचा कि मैं भी इनके खिलाफ कोशिश करूंगा और मौके का फायदा उठाऊंगा। नई गेंद ऐसी चीज है जहां आप स्विंग करते समय विकेट ले सकते हैं और मैंने इस मैच में अपने मौके बनाए।' शार्दुल ठाकुर छह विकेट लेकर फिलहाल पर्पल कैप की रेस में सबसे आगे हैं। शार्दुल ने आईपीएल में गेंदबाजों को मिल रही कम मदद के बारे में भी बात की और कहा कि पिच बल्लेबाजों के अनुकूल बनाए गए हैं और यह गेंदबाजों के लिए गलत है। उन्होंने कहा, 'इस तरह के मैचों में गेंदबाजों को बहुत कम मौका मिलता है। यहां तक कि पिछले मैच में भी मैंने कहा था कि पिचों को इस तरह से तैयार किया जाना चाहिए कि खेल फंसे और बैलेंस हो। इम्पैक्ट प्लेयर नियम आने के बाद से अगर कोई टीम 240-250 रन बनाती है तो यह गेंदबाजों के साथ अन्याय है।वहीं, लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने कहा, 'बड़ी राहत मिली है, लेकिन एक टीम के रूप में हम प्रक्रिया के बारे में बात करते हैं। जब आप जीतते हैं तो बहुत उत्साहित होने की जरूरत नहीं है और जब आप हारते हैं तो बहुत दुखी होना नहीं होता है। एक टीम के रूप में हम जो चीजें अनियंत्रित हैं, उन पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सकते। मेरे गुरु ने कहा कि जो चीजें नियंत्रण में हैं, बस उन पर ध्यान केंद्रित करें और मैंने यही किया। प्रिंस ने जिस तरह से गेंदबाजी की उसे देखकर अच्छा लगा और शार्दुल ठाकुर भी काफी अच्छा था।' पंत ने नंबर तीन पर पूरन से बल्लेबाजी कराने पर कहा, 'मुझे लगता है कि हम सिर्फ उन्हें आजादी देना चाहते हैं। पूरन ने हमारे लिए शानदार बल्लेबाजी की है। हमारी टीम एकजुट हो रही है। हमने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं खेला है, लेकिन जीत हासिल करने से खुश हैं।लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने शार्दुल ठाकुर के चार विकेट के बाद निकोलस पूरन (70 रन) के इस आईपीएल सत्र के सबसे तेज अर्धशतक और उनकी मिचेल मार्श (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की बदौलत गुरुवार को हैदराबाद में टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को पांच विकेट से हराकर जीत का अपना खाता खोला।एलएसजी ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया और शार्दुल ने 34 रन देकर चार विकेट लेकर शानदार वापसी जारी रखी जिससे एसआरएच नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी। लखनऊ की टीम ने पूरन (छह चौके, छह छक्के) और मिचेल मार्श (सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतकों से आक्रामक शुरूआत की। अंत में अब्दुल समद (आठ गेंद में नाबाद 22 रन) और डेविड मिलर (सात गेंद में नाबाद 13 रन) की नाबाद पारियों से टीम ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



## पवेलियन लौटते समय नीतीश रेड्डी ने आपा खोया, गुस्से में हेलमेट को सीढ़ियों पर पटका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** नीतीश ने दो मैच खेले हैं और दोनों में कुछ बड़ा नहीं कर सके हैं। राजस्थान के खिलाफ पहले मैच में जब उनकी टीम ने 286 का स्कोर खड़ा किया था तो वह 30 रन बना पाए थे। अब लखनऊ के खिलाफ 32 रन बनाने के बाद वह अपने गुस्से को काबू में नहीं रख सवे आईपीएल 2025 के सातवें मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच को शुरू होने से पहले किसी ने इस परिणाम के बारे में नहीं सोचा था। हैदराबाद के बल्लेबाजों के फॉर्म को देखते हुए और लखनऊ की कमजोर गेंदबाजी को देखते हुए सबने एसआरएच की जीत के कयास लगाए थे, लेकिन ऋषभ पंत की टीम ने उन सभी कयासों पर पानी फेर दिया। हालांकि, मैच के दौरान कुछ ऐसा भी घटा, जिसने फैंस का ध्यान अपनी ओर खींचा। दरअसल, आउट होकर पवेलियन लौटते वक्त नीतीश रेड्डी आपा खो बैठे और गुस्से में हेलमेट को सीढ़ियों पर पटक दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है। दरअसल, मैच के दौरान नीतीश हैदराबाद के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे। उन्होंने हेनरिक क्लासेन के साथ चौथे विकेट के लिए 34 रन की साझेदारी भी निभाई। इसके बाद अनिकेत वर्मा के साथ 18 रन की साझेदारी की। हालांकि, वह पांचवें विकेट के रूप में आउट हुए। नीतीश को रवि बिश्नोई ने क्लीन बोल्ड किया। वह 28 गेंद में दो चौके की मदद से 32 रन बना सके। नीतीश ने दो मैच खेले हैं और दोनों में कुछ बड़ा नहीं कर सके हैं। राजस्थान के खिलाफ पहले मैच में जब उनकी टीम ने 286 का स्कोर खड़ा किया था तो वह 30 रन बना पाए थे। अब लखनऊ के खिलाफ 32 रन बनाने के बाद वह अपने गुस्से को काबू में नहीं रख सके और ड्रेसिंग रूम की तरफ बढ़ते वक्त सीढ़ियों पर हेलमेट को पटक दिया। हेलमेट दूर जाकर गिरा। वहां मौजूद गार्ड भी पीछे शोर सुनकर पीछे मुड़कर देखने लगे। लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने शार्दुल ठाकुर के चार विकेट के बाद निकोलस पूरन (70 रन) के इस आईपीएल सत्र के सबसे तेज अर्धशतक और उनकी मिचेल मार्श (52 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी की बदौलत गुरुवार को हैदराबाद में टी20 मैच में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को पांच विकेट से हराकर जीत का अपना खाता खोला।



## कौन हैं प्रिंस यादव जिन्होंने ट्रेविस हेड को किया बोल्ड टी20 में ले चुके हैट्रिक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 23 वर्षीय तेज गेंदबाज प्रिंस दिल्ली से ताल्लुक रखते हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनके नाम डीपीएल में लगातार तीन विकेट लेने का रिकॉर्ड दर्ज है। वह ऐसा करने वाले इकलौते गेंदबाज हैं। आईपीएल 2025 का रोमांच जारी है। 18वें सत्र का सातवां मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में लखनऊ के गेंदबाज प्रिंस यादव ने हैदराबाद के स्टार बल्लेबाज ट्रेविस हेड को बोल्ड किया और अपने आईपीएल करियर की शानदार शुरुआत की। प्रिंस ने इस सत्र में ही डेब्यू किया है। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने युवा गेंदबाज को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में मौका दिया। पहले मैच में भले ही वह कुछ खास कमाल नहीं कर पाए, लेकिन अपने आईपीएल करियर के दूसरे मैच में प्रिंस ने हैदराबाद के ट्रेविस हेड को बोल्ड कर अपना लोहा मनवा लिया। उन्हें यह सफलता एसआरएच की पारी के आठवें ओवर की तीसरी गेंद पर मिला। 23 वर्षीय तेज गेंदबाज प्रिंस दिल्ली से ताल्लुक रखते हैं। दिल्ली प्रीमियर लीग 2024 में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।



## इकाना में मैच से पहले मीका बिखेरेंगे जलवा लखनऊ का पहला मुकाबला पंजाब से

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लखनऊ के इकाना स्टेडियम में एक अप्रैल को पहला मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच के पहले सिंगर मीका अपनी गानों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में आईपीएल मुकाबलों के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई है। एक अप्रैल को मेजबान लखनऊ सुपरजायंट्स और पंजाब किंग्स के बीच होने वाले मुकाबले से पहले मशहूर गायक मीका सिंह अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। 15 से 20 मिनट के कार्यक्रम के दौरान मीका स्टेडियम में हजारों की संख्या में बैठे दर्शकों का सामने अपनी प्रस्तुति देंगे।उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के सीईओ अंकित चटर्जी के अनुसार एक अप्रैल को मुकाबले से पूर्व मीका सिंह धमाकेदार शो होगा। इसकी तैयारियां कर ली गई है। करीब 20 मिनट की प्रस्तुति के दौरान वे अपने अपने सुपर-डुपर हिट गाकर दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगे। इसके बाद यहां पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला शुरू होगा।एलएसजी टीम शुक्रवार की शाम लखनऊ पहुंच जाएगी।



## ऑलराउंड प्रदर्शन के साथ लखनऊ ने खोला जीत का खाता, शार्दुल के बाद पूरन-मार्श ने मचाया धमाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 23 गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीतकर लखनऊ ने अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, इस मैच से पहले शीर्ष पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर खिसक गई। उनका नेट रनरेट -0.128 हो गया। वहीं, अपने पहले मैच में कोलकाता को सात विकेट से मात देने वाली आरसीबी दो अंक और +2.137 के नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई। शार्दुल ठाकुर की घातक गेंदबाजी के बाद निकोलस पूरन और मिचेल मार्श की धमाकेदार पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने पांच विकेट से सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को हरा दिया। यह लखनऊ की मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत है। इससे पहले उन्हें दिल्ली ने एक विकेट से करारी शिकस्त दी थी। गुरुवार को राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद ने 20 ओवर में नौ विकेट खोकर 190 रन बनाए। जवाब में लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट गंवाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया। 23 गेंदों के शेष रहते मुकाबला जीतकर लखनऊ ने अंक तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। वहीं, इस मैच से पहले शीर्ष पर काबिज सनराइजर्स हैदराबाद छठे स्थान पर खिसक गई। उनका नेट रनरेट -0.128 हो गया। वहीं, अपने पहले मैच में कोलकाता को सात विकेट से मात देने वाली आरसीबी दो अंक और +2.137 के नेट रनरेट के साथ पहले स्थान पर पहुंच गई। 191 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत झटके के साथ हुई थी। उन्हें पहला झटका मोहम्मद शमी ने एडेन मार्करम के रूप में दिया। वह सिर्फ एक रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 43 गेंदों में 116 रनों की साझेदारी हुई। इस दौरान पूरन ने 18 गेंदों में अपने करियर का 10वां पचासा जड़ा। उन्होंने 26 गेंदों में 70 रनों दमदार पारी खेली। यह मौजूदा सत्र में उनके बल्ले से निकला दूसरा अर्धशतक है। उनके अलावा मिचेल मार्श ने 52 रनों की दमदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से सात चौके और दो छक्के निकले। हैदराबाद के खिलाफ कप्तान ऋषभ पंत ने 15 और आयुष बडोनी ने छह रन बनाए। वहीं, डेविड मिलर और अब्दुल समद क्रमशः 13 और 22 रन बनाकर नाबाद रहे। हैदराबाद के लिए पैट कमिंस ने दो विकेट झटके जबकि मोहम्मद शमी, एडम जैम्पा और हर्षल पटेल को एक-एक सफलता मिली। मुकाबले की शुरुआत से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि अपने घर में मुकाबला खेल रही हैदराबाद 300 से ज्यादा का स्कोर तैयार कर सकती है। हालांकि, लखनऊ के घातक गेंदबाजों ने उन्हें 200 का आंकड़ा भी नहीं छूने दिया। सलामी बल्लेबाजी के लिए उतरे अभिषेक शर्मा सिर्फ छह रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद पिछले मैच में शतक जड़ने वाले ईशान किशन आज खाता भी नहीं खोल पाए। शार्दुल ठाकुर ने दोनों बल्लेबाजों को पारी के तीसरे ओवर में लगातार दो गेंदों पर आउट किया। इसके बाद ट्रेविस हेड को नितीश कुमार रेड्डी का साथ मिला और दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 32 गेंदों में 61 रनों की साझेदारी हुई। हेड 28 गेंदों में 47 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया।



## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे है तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# सम्पादकीय

## भारतीय पैंगोलिन का अद्भुत संसार, पर खतरे में है 'प्रकृति का संतुलनकर्ता'

पैंगोलिन को ठप्रकृति का संतुलनकर्ताठ कहना बिना वजह नहीं है। यह स्तनधारी जंगलों में चींटियों और दीमकों की जनसंख्या का नियंत्रण करता है। हालांकि, आज यह अद्भुत प्राणी गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। शिकार और अवैध व्यापार के कारण भारतीय पैंगोलिन की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है। जैसे ही सर्दियों का मौसम आता है, सभी जीव अपनी-अपनी तैयारी में व्यस्त हो जाते हैं। कुछ भोजन इकट्ठा करते हैं, जबकि अन्य अपने शरीर को सर्दी से सुरक्षित रखने के विशेष उपाय करते हैं। इस बीच, भारतीय पैंगोलिन, जिसे आमतौर पर ठचिंटीखोरठ के नाम से जाना जाता है, एक ऐसा अद्वितीय जीव है जो सबका ध्यान आकर्षित करता है। यह न केवल प्रकृति का एक मूल्यवान अंग है, बल्कि अपनी अद्भुत आदतों और जीवनशैली से विज्ञान और वन्यजीव प्रेमियों को भी आश्चर्यचकित कर देता है। जब आप पहली बार भारतीय पैंगोलिन को देखते हैं, तो ऐसा प्रतीत होता है जैसे किसी ने कवच पहने हुए छोटे डायनासोर को जीवंत कर दिया हो। इसके शरीर पर केराटिन से बने कठिन और मज़बूत शल्क होते हैं, जो इसे शिकारियों से सुरक्षित रखते हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह शांत और शर्मीला जीव अपनी दुनिया में खोया रहता है, मानो ठंडी सर्दी की रातों का आनंद ले रहा हो। भारतीय पैंगोलिन दिन के बजाय रात का जीव है, जो दिन के समय गहरी मिट्टी में स्थित अपने बिल में विश्राम करता है। जैसे ही रात का अंधेरा छाता है, वह बाहर निकलकर भोजन की खोज करता है। ठंडी सर्दियों में, जब तापमान गिरता है, तो यह अपने ठिकाने को और गहरा कर लेता है, जिससे वह ठंडी हवाओं से बचा रहता है। इसका आश्रय न केवल ठंड से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि शिकारियों से भी इसे सुरक्षित रखता है। यह अपने आहार के लिए चुपचाप निकलता है, जिसमें मुख्य रूप से चींटियां और दीमक शामिल होते हैं। पैंगोलिन की लंबी और चिपकने वाली जीभ इन्हें पकड़ने में विशेष रूप से प्रभावी होती है। भोजन करने की उसकी प्रक्रिया अद्वितीय है; वह अपने शक्तिशाली पंजों का प्रयोग करते हुए दीमकों के बिल्लों और चींटियों के अंडों को बाहर निकालता है और फिर अपनी जीभ की मदद से उन्हें खाना शुरू करता है। अब यह सोचने वाली बात है कि सर्दियों में, जब चींटियों और दीमकों की संख्या घट जाती है, तो वह क्या करता है। लेकिन पैंगोलिन का शरीर इस परिवर्तित परिस्थिति के लिए अनुकूलित है, जिससे वह सीमित भोजन के साथ भी जीवित रहने की क्षमता रखता है।पैंगोलिन को ठप्रकृति का संतुलनकर्ताठ कहना बिना वजह नहीं है। यह स्तनधारी जंगलों में चींटियों और दीमकों की जनसंख्या का नियंत्रण करता है। यदि पैंगोलिन न हो, तो ये छोटे जीव तेजी से इेदर्तीूं कर सकते हैं, जिससे फसलों और पेड़ों को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इस प्रकार, पैंगोलिन का अस्तित्व न सिर्फ जंगलों, बल्कि कृषि क्षेत्रों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि, आज यह अद्भुत प्राणी गंभीर खतरे का सामना कर रहा है। शिकार और अवैध व्यापार के कारण भारतीय पैंगोलिन की जनसंख्या निरंतर घटती जा रही है। इसकी खाल और शल्क का उपयोग पारंपरिक दवाओं और गहनों में होता है, जिससे यह शिकारियों के लिए एक प्रमुख लक्ष्य बन गया है। यह निंदनीय है कि इस शांति प्रिय जीव को मानव की लालच के कारण अपनी जान खोनी पड़ रही है।यदि आपको लगता है कि पैंगोलिन केवल चींटियों का सेवन करता है, तो आप गलत हैं। इसकी अन्य आश्चर्यजनक विशेषताएं भी हैं। अपने बचाव के लिए, पैंगोलिन अपने आपको एक गेंद की तरह लपेट लेता है। इसके कठोर कवच इसे शिकारियों से सुरक्षित रखने का एक प्रभावशाली उपाय है। यह अपनी लंबी जीभ का उपयोग करके अधिक खाना खा सकता है, जिसकी लंबाई कभी-कभी उसके शरीर से भी अधिक होती है! पैंगोलिन अपने पंजों का उपयोग करते हुए इतनी तेजी से जमीन में खुदाई करता है कि वह कुछ ही मिनटों में गहरी सुरंग बना लेता है। भारतीय पैंगोलिन न केवल हमारी जैव विविधता का हिस्सा है, बल्कि यह पर्यावरण को संतुलित रखने में भी मदद करता है। हमें इस जीव को बचाने के लिए जागरूक होना होगा। सरकार और गैर-सरकारी संगठन इसे बचाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन जब तक आम लोग इसमें भागीदारी नहीं करेंगे, तब तक यह अद्भुत जीव खतरे में रहेगा। अगर हम इसे बचाना चाहते हैं, तो हमें इसके बारे में अधिक से अधिक जानकारी फैलानी होगी। इसके प्राकृतिक आवास को बचाना और अवैध शिकार को रोकना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए।

# नाकामी की पोल खोलता नदियों का प्रदूषण, राजनीति इच्छाशक्ति बढ़ाना होगा

जलशक्ति मंत्रालय की ओर से संसद में दी गई यह जानकारी निराश करने वाली है कि नदियों के प्रदूषण को दूर करने का काम सही तरह नहीं हो पा रहा है। यह स्वीकारोक्ति इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि एक लंबे समय से कहा जा रहा है कि नदियों में सीवरों का गैर शोधित पानी नहीं गिरने दिया जाएगा। बीते दिनों संसद में दी गई जानकारी से यह पता चल रहा है कि सीवेज सिस्टम की खामी से नदियों को प्रदूषण मुक्त करने में बाधा आ रही है। 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता में आने के साथ ही जब गंगा नदी को प्रदूषण मुक्त करने का अभियान नए सिरे से शुरू किया और इसके लिए एक नई व्यवस्था बनाई, तब यह उम्मीद बंधी थी कि इस नदी को प्रदूषण मुक्त करने के साथ अन्य नदियों को प्रदूषित होने से रोकने में सफलता मिलेगी, लेकिन स्थिति यह है कि अभी गंगा को भी पूरी तरह प्रदूषण मुक्त नहीं किया जा सका है नदियों में सीवरों और गंदे नालों का पानी बिना शोधित किए न जाने पाए, यह देखने की जिम्मेदारी राज्य सरकारों और उनके नगर निकायों की है, लेकिन वे इसमें कोताही बरत रहे हैं। इसी का नतीजा है कि अभी भी नदियों का प्रदूषण जारी है। इसका कारण यह है कि जहां सीवेज शोधन संयंत्र पूरी क्षमता से काम नहीं कर रहे हैं, वहीं अनेक शहरों के गंदे नाले अभी तक इन संयंत्रों से नहीं जोड़े जा सके हैं। दुनिया के अन्य देशों की तरह अपने देश में भी तमाम शहर नदियों किनारे बसे हुए हैं। समय के साथ नदियों के तट पर आबादी का घनत्व भी बढ़ रहा है। इस आबादी के एक बड़े हिस्से के पास सीवेज सिस्टम नहीं है, क्योंकि वह अनधिकृत कॉलोनियों में अधिक रहती है। इसके अलावा शहरों का जो सीवेज सिस्टम है, वह पुराना पड़ चुका है। समस्या इसलिए भी गंभीर है, क्योंकि सीवेज सिस्टम पर्याप्त



क्षमता के नहीं हैं। वे सीवरों का पूरा गंदा पानी शोधित नहीं कर पाते। इसके चलते सीवरों का गैर शोधित पानी सीधे नदियों में जाता है। यह स्थिति महानगरों में भी है। पिछले दिनों दिल्ली में सत्ता बदलने के बाद से यमुना की सफाई पर खूब चर्चा हो रही है। चुनाव में यमुना का प्रदूषण एक राजनीतिक मुद्दा बन गया था। हालांकि आम आदमी पार्टी सरकार भी यमुना को साफ करने की बात करती थी, लेकिन वह नाकाम रही। इसका एक कारण राज्य और केंद्र सरकार का झगड़ा भी रहा। इस झगड़े की वजह से यमुना की सफाई प्राथमिकता नहीं बन सकी। शायद ही कोई दल हो, जो नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने की बात न करता हो, लेकिन इसके बाद भी वे प्रदूषित बनी हुई हैं। यह राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को दर्शाता है। नदियों के प्रदूषित होने का एक बड़ा कारण नगर नियोजन से संबंधित नौकरशाही का नकारापन भी है। नौकरशाही ने नदियों किनारे होने वाली अनियोजित बसाहट को रोकने में उदासीनता का ही परिचय दिया है। उन्होंने इसे लेकर सरकारों को आगाह भी नहीं किया। नदियों के प्रदूषण में नौकरशाही की भूमिका पर कभी कोई ठोस चर्चा नहीं हुई। अच्छा हो कि सरकार इस पर कोई श्वेतपत्र लाए कि नदियां क्यों प्रदूषित हैं? श्वेतपत्र में इसका भी उल्लेख किया जाए कि जब नदियों किनारे बसाहट हो रही था, तब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी बढ़ती आबादी के लिए उपयुक्त सीवेज सिस्टम का निर्माण क्यों नहीं करा रहे थे? यदि यह मान लिया जाए कि पहले इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो आखिर इसका क्या मतलब कि अब भी ध्यान न दिया जाए। एक ऐसे समय जब केंद्र के साथ राज्य सरकारों की ओर से नदियों को साफ करने के दावे किए जा रहे हैं, तब सीवेज सिस्टम में सुधार न हो पाना, गंदे नालों का सीवेज शोधन संयंत्रों से न जुड़ पाना और इन संयंत्रों का पूरी क्षमता से काम न कर पाना चकित करता है अरबों रुपये सीवेज व्यवस्था को दुरुस्त करने में खर्च किए जा चुके हैं, पर यही तथ्य बार-बार सामने आता है कि यह व्यवस्था अपर्याप्त और असंतोषजनक है। सीवेज व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बनाए गए कई सीवेज शोधन संयंत्र एक-दो साल चलने के बाद ही बंद हो जाते हैं। आज उन अनेक शहरों की सीवेज व्यवस्था सही तरह काम कर रही है, जिनका निर्माण अंग्रेजों ने कराया था, लेकिन हमारे इंजीनियर हर किस्म के आधारभूत ढांचे का निर्माण इस तरह करते हैं कि वह दो-चार साल में ही कमजोर पड़ जाता है या अपर्याप्त साबित हो जाता है। नदियों में प्रदूषण केवल सीवेज सिस्टम की खराबी से ही नहीं होता, बल्कि उद्योगों के अपशिष्ट जल से भी होता है। गंभीर बात यह है कि तमाम उद्योग अपने विषाक्त जल को शोधित करने के बजाय उसे रिवर्स बोरिंग कर जमीन में समाहित कर देते हैं। यह अपराध है, लेकिन उस पर रोक इसलिए नहीं लग रही है, क्योंकि प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के अधिकारी ऐसे उद्योगों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करते। इसका नतीजा यह है कि उद्योग जानबूझकर भूजल को दूषित कर रहे हैं। यह दूषित जल भूगर्भ जल को विषैला करता है और अनेक बीमारियों का कारण बनता है। पंजाब में कैंसर के मामले बढ़ने के पीछे भूमिगत जल के प्रदूषण को ही माना जा रहा है। नदियों को प्रदूषण मुक्त करने वाली व्यवस्था तब सुधरेगी, जब शासन-प्रशासन के साथ आम जनमानस भी सचेत होगा। सरकारी कर्मचारी और विशेष रूप से इंजीनियरों पर यह दारोमदार होता है कि वे बेहतर इंजीनियरिंग और गुणवत्ता वाले निर्माण कराएं, लेकिन इसमें शिथिलता ही देखने को मिलती है। यह किसी से छिपा भी नहीं, लेकिन इसके बाद भी इंजीनियरों को जवाबदेह बनाने और उन्हें उनके घटिया निर्माण के लिए दंडित करने का काम नहीं हो पा रहा है। पिछले दिनों सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा था कि सड़कों के निर्माण और डिजाइनिंग में खामी इसलिए देखने को मिल रही है, क्योंकि इंजीनियर उनका निर्माण सही तरह नहीं करते। यह हाल एनएचएआइ के इंजीनियरों के साथ अन्य सरकारी विभागों का भी है। आज जब हम संकल्प ले रहे हैं कि 2047 तक देश को विकसित बनाना है, तब यदि बेसिक इंजीनियरिंग में भी दक्षता हासिल नहीं की जा पा रही है तो यह शर्म की बात है।

## औरंगजेब से त्रस्त आईएनडीआईए, अबू आजमी के बयान से खुल गई सेक्युलरिज्म की पोल

महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी ने औरंगजेब का महिमामंडन करने वाले अपने बयान को वापस ले लिया, लेकिन वह राजनीतिक बहस और विवाद के केंद्र में बने हुए हैं। इसी बीच कुछ और लोगों को औरंगजेब दयालु दिख गया और उन्होंने भी उसकी प्रशंसा के पुल बांधने में संकोच नहीं किया। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता कि औरंगजेब एक कट्टर और क्रूर शासक था आखिर जो अपने सगे भाई दारा शिकोह का सिर कलम करके उसका सिर तश्तरी में रखकर पिता शाहजहां को भेंट करने की हिमाकत करे, उससे निकृष्ट और कौन होगा? उसकी करतूतों का कच्चा-चिट्ठा खुद उसके दरबारी लेखक सकी मुस्तैद खान ने मआसिर-ए-आलमगिरी में लिखा है। वास्तव में इसी कारण करीब-करीब सभी इतिहासकार इस पर एकमत हैं कि औरंगजेब सबसे क्रूर शासक था और उसकी सनक भरी हरकतों की वजह से ही मुगल शासन का पतन हुआ। इसके बाद भी भारत और पाकिस्तान में उसका महिमामंडन करने वालों की कमी नहीं। पता नहीं क्यों, कुछ मुसलमानों को यह लगता है कि औरंगजेब चाहे लाख बुरा हो, लेकिन मुसलमान होने के नाते उसकी सराहना करना उनका मजहबी फर्ज है कुछ लिबरल किस्म के बुद्धिजीवियों को भी यही लगता है कि वे जब तक औरंगजेब को महान और दयालु शासक नहीं कह देते, तब तक उनके लिए खुद को सेक्युलर साबित करना कठिन होगा। इस कारण वे भी औरंगजेब और ऐसे ही आक्रांताओं का गुणगान करना अपना सेक्युलर फर्ज समझते हैं यह तो गनीमत रही कि अबू आजमी औरंगजेब का महिमामंडन करने से पीछे हट गए, अन्यथा वह विपक्षी दलों के मोर्चे आईएनडीआईए के समक्ष बड़ा संकट खड़ा करने वाले थे। वैसे यह संकट अभी टला नहीं है। महाराष्ट्र के राजनीतिक दलों के लिए यह संभव नहीं कि वे औरंगजेब का महिमामंडन सहन कर सकें। इनमें भाजपा, शिवसेना और एनसीपी के दोनों घटक ही नहीं, कांग्रेस भी है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि जब सपा प्रमुख अखिलेश ने औरंगजेब की सराहना पर अबू आजमी के महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबन पर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि 'उन्हें निलंबित कर सच की जुबान पर लगाम नहीं लगाई जा सकती' तो उद्धव ठाकरे ने उन्हें नसीहत देने में देर नहीं की। जैसे अबू आजमी ने आईएनडीआईए नेताओं के समक्ष धर्मसंकट खड़ा कर दिया था, वैसे ही एक समय तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और मंत्री उदयनिधि ने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया बताते हुए उसके खात्मे की जरूरत जताकर आईएनडीआईए को बगलें झांकने को मजबूर कर दिया था। उनसे उदयनिधि की बेहूदा टिप्पणी न तो निगलते बन रही थी और न ही उगलते। चूंकि सनातन धर्म के खात्मे की जरूरत जताने वाला बयान घोर आपत्तिजनक था, इसलिए आईएनडीआईए के कई घटकों के नेताओं को दबे-छिपे स्वरों में उदयनिधि को नसीहत देनी पड़ी। ऐसी ही नौबत तब आई थी, जब कुछ तथाकथित सेक्युलर और समाजवादी नेताओं ने रामचरितमानस के खिलाफ टिप्पणियां करनी शुरू कर दी थीं। अभी हाल में महाकुंभ को लेकर मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी भी विपक्षी गठबंधन के नेताओं के लिए मुसीबत बन गई थी। कांग्रेस के कुछ नेताओं ने तो खरगे की टिप्पणी की परवाह न करते हुए संगम में डुबकी लगाना भी पसंद किया। इनमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी थे। भारत में सेक्युलरिज्म की जैसी विकृत अवधारणा अपना ली गई है, उसके चलते खुद को सेक्युलर कहने वाले लोगों की ओर से औरंगजेब सरीखे आक्रांताओं का महिमामंडन करना, सनातन धर्म और उसकी परंपराओं का दकियानूसी बताना आवश्यक हो जाता है। इसी कारण कथित सेक्युलर दलों की ओर से अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध होता रहा। इस विरोध का नतीजा यह हुआ कि सेक्युलरिज्म की पोल खुल गई और यह प्रमाणित हो गया कि वह छद्म सेक्युलरिज्म है। यदि आज कोई नेता यह नहीं कहता कि वह सेक्युलरिज्म की रक्षा के प्रति समर्पित है तो इसी कारण की वह एक हेय शब्द बन गया है। इसी छद्म सेक्युलरिज्म के चलते तीन तलाक जैसी कुरीति को प्रतिबंधित करने की पहल का भी विरोध किया गया। यह किसी से छिपा नहीं कि आईएनडीआईए के समक्ष कई तरह के राजनीतिक संकट हैं और दिल्ली विधानसभा चुनावों के समय यह तब अच्छी तरह से उजागर भी हुआ था, जब सपा और तृणमूल कांग्रेस आप के समर्थन में उतर आईं थीं। इससे यदि कुछ स्पष्ट हुआ था तो यही कि आईएनडीआईए घटकों की दिली ख्वाहिश यही है कि गठबंधन की एकजुटता के नाम पर कांग्रेस उन राज्यों में भी कमजोर बनी रही, जो कभी उसके मजबूत गढ़ थे। कांग्रेस अपने इन गढ़ों में फिर से अपनी जड़ें जमाना चाहती है। यह उसके सहयोगी दलों को पसंद नहीं। कुल मिलाकर आईएनडीआईए के घटकों में आपसी विश्वास की कमी के चलते तो खटपट होती ही रहेगी, जब-जब कोई उदयनिधि सनातन धर्म को कोसेगा या फिर कोई अबू आजमी औरंगजेब का गुणगान करेगा तो भी उसका संकट बढ़ेगा, क्योंकि उसके नेता छद्म सेक्युलरिज्म को छोड़ने को तैयार नहीं।

## दिल्ली में वादे पूरे करने में क्यों देरी कर रही सरकार, 'खबरों के खिलाड़ी' ने बताई इसकी वजह

दिल्ली में होली पर मुफ्त सिलेंडर के वादे को लेकर सियासत तेज है। इसके अलावा 2500 रुपयों को लेकर भी विपक्ष सत्ताधारी भाजपा पर हमलावर है। खबरों के खिलाड़ी में इस सप्ताह इसी मुद्दे पर चर्चा हुई दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा ने सरकार बना ली। चुनाव से पहले भाजपा द्वारा किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने का दबाव अब रेखा गुप्ता सरकार पर बनने लगा है। आम आदमी पार्टी लगातार इन वादों पर सत्ता पक्ष को घेरने में लगी हुई है। विपक्षी पार्टी अब सवाल कर रही है कि होली तो बीत गई। होली पर मुफ्त सिलेंडर के वादे का क्या हुआ? इसी तरह महिलाओं के लिए 2500 रुपये के वादे पर भी विपक्ष सरकार को घेर रहा है। इन्हीं मुद्दे पर इस हफ्ते खबरों के खिलाड़ी में चर्चा हुई। चर्चा के लिए वरिष्ठ पत्रकार रामकृपाल सिंह, समीर चौगांवकर, अवधेश कुमार, राकेश शुक्ल, राजकिशोर, अजय सेठिया और अनुराग वर्मा मौजूद रहे। समीर चौगांवकरः आम आदमी पार्टी अब विपक्ष में है। आतिशी नेता प्रतिपक्ष हैं उनका काम है सरकार से सवाल पूछना। आतिशी भी मुख्यमंत्री रही हैं, अरविंद केजरीवाल भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं। इसलिए सवाल पूछने से पहले आप को यह भी बताना चाहिए कि जो वादे हमने किए थे वो हमने पूरे किए और भाजपा वादे पूरे करने की स्थिति में नहीं है। रेखा गुप्ता अभी मुख्यमंत्री बनी हैं और मुख्यमंत्री बनते ही सारे वादे पूरे हो जाएंगे ये उम्मीद करना भी गलत होगा। यह कोई जादू की छड़ी नहीं है कि उसे घुमाएंगे और सारे वादे पूरे हो जाएंगे। अवधेश कुमारः मुफ्तखोरी के नाम पर लोगों को भ्रष्ट बनाने, आलसी बनाने के विरोध में लोगों ने भाजपा को वोट दिया है। जिस देश में परिश्रम करने वाला वर्ग कामचोर हो जाए, आलसी हो जाए वो देश कभी भी महाशक्ति नहीं बन सकता है। पराजय के बावजूद आम आदमी पार्टी ने अपना



विजन बड़ा करने पर काम नहीं किया है। अनुराग वर्माः अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में रेवड़ी राजनीति का जो प्रयोग किया, उसने दिल्ली की पूरी व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया। भाजपा ने उसे और बढ़ा दिया। जो व्स्थाएं ध्वस्त हुई हैं उसे हमें यह कभी नहीं सोचना चाहिए कि वो रातों रात ठीक हो जाएंगी। पर्सेप्शन मैनेजमेंट में यमुना के मुद्दे पर भाजपा ठीक काम करती हुई दिख रही है। दिल्ली में भाजपा ने जो वादे किए हैं उन्हें पूरा करना भाजपा की मजबूरी है। वो वादे कब पूरे करेंगे, वो अलग बात है। राजकिशोरः 27 साल से भाजपा विपक्ष में ही थे, उससे बाहर निकलने में समय लगेगा। पहले तो लोगों को बताना पड़ेगा कि आपका कितना नुकसान हुआ है और यह भाजपा बताएगी। दो तीन चीजों में आमूलचूल परिवर्तन होगा और इसकी शुरुआत हो चुकी है। सड़कों पर यह काम शुरू हो गया है। जो काम सड़कों पर हो रहा है वही काम राजनीति में भी शुरू हो गया है। दिल्ली का जो पूरा रिवर्स गियर लगा था वो अरविंद केजरीवाल की सियासत की वजह से लगा था। साफ हवा, पानी और बिजली इन सब पर काम करना होगा। मेरे पास जो जानकारी है इस दिशा में एक पूरा प्लान तैयार किया जा रहा है। अजय सेठियाः आतिशी बहुत ज्यादा हमलावर हैं। सरकार जिस दिन बनी वो उसी दिन से हमलावर हो गईं। आम आदमी पार्टी को लगता है कि वो इस वजह से हारी क्योंकि प्रधानमंत्री ने उन रेवड़ियों की घोषणा कर दी जो उन्होंने की थी, लेकिन दिल्ली का यह चुनाव रेवड़ियों पर नहीं था। मैंने पहले ही कहा था आम आदमी पार्टी सरकार जा रही है। कोई भी घोषणा पत्र तुरंत पूरा नहीं होता है। पहले तो घोषणा पत्र की चर्चा तक नहीं हुआ करती थी। पांच साल में उसकी 10 से 20 फीसदी बातें पूरी होती थी। फ्री बीज को सोशल वेलफेयर में लाया जा रहा है। मैं समझता हूं कि मुफ्त की रेवड़ियों की समाप्ति का दौर भी शुरू हो गया है। रामकृपाल सिंहः केजरीवाल मूलतः एक गैरराजनैतिक शख्स थे। मैं उन्हें आज भी गैर राजनीतिक शख्स मानता हूं। दिल्ली की जनता ने किस बात पर वोट दिया है ये मुझे नहीं मालूम है, लेकिन जिस शख्स ने राजनीतिक बदलाव की बात करके सत्ता में जगह पाई थी, उसके बाद शीशमहल और आधे मंत्रियों के जेल जाने के बाद यह तय था वो सत्ता से बाहर जा रहे हैं। सवाल इस बात का है कि कांग्रेस या भाजपा इनकी कमिया भी रहेंगी, लेकिन यह तय है कि अगर आप काम नहीं करेंगे तो जनता माफ नहीं करती है। भाजपा हमेशा से पात्रता की बात करती रही है। कौन इसका पात्र होगा यह तह होगा तो यह वाकई में सोशल वेलफेयर स्कीम होगी। राकेश शुक्लः केजरीवाल की तरफ से आतिशी यह जिम्मेदारी निभा रही हैं कि केजरीवाल के मंच पर आने से पहले मंच को साधने की कोशिश कर रही हैं। दिल्ली के तीनों प्रमुख राजनीतिक दलों की तरफ से घोषणा पत्र आए थे। यहां की जनता ने तीनों में से भाजपा के घोषणा पत्र में विश्वास किया। बाजरा में हम जो प्रोडक्ट लेने जाते हैं तो उसमें भी एक स्टार लगाकर लिखा होता है कि नियम शर्तें लागू, हम उसे नहीं पढ़ते हैं। इन पार्टियों के घोषणा पत्र में भी इसी तरह के स्टार लगे थे जिसे जनता ने नहीं पढ़ा।


## ऑनलाइन निष्क्रिय रहने का सुख, नहीं लग पाता पक्षपात का आरोप

भले अच्छा माना जाता हो, लेकिन आनलाइन प्लेटफार्मों पर निष्क्रिय लोग प्रायः सुखी देखे जा रहे हैं। अब तो साइबर एक्सपर्ट भी कह रहे हैं कि आनलाइन प्लेटफार्मों में जो जितना अधिक सक्रिय है, उसके ठगे जाने की उतनी अधिक आशंका है। इसी तरह इन प्लेटफार्मों में सक्रियता आपको लती बनाती है और आप दुनिया भर की समस्याओं को सुलझाने की चिंता में नाहक दुबले होते रहते हैं। उन देशों की भी समस्याएं, जिन्हें मानचित्र में खोजना भी आपके लिए कठिन हो। आप इस जल्दी में भी रहते हैं कि किसी भी ट्रेंडिंग मसले पर कुछ लाइक या फिर वायरल होने वाली पोस्ट कैसे करें। इस फेर में अपना टेंशन बढ़ाते रहते हैं। इस टेंशन से बचना है और चैन से रहना है तो चाहे बजे डंका, चाहे जले लंका, आप तो बस आराम कीजिए। जब आप ताजा खबर, बबन फैंस क्लब, सजातीय मंच, आज का ज्ञान, साहित्य शिरोमणि जैसे वाट्सएप समूहों में जबरिया जोड़ लिए गए हों या फिर अपनी इच्छा से जुड़े हों तो भी वहां निष्क्रियता से बढ़िया और कुछ नहीं। वहां सक्रिय रहकर आप अपना टेंशन बढ़ाएंगे और आपको शुभ प्रभात के संदेश दोपहर तक देखने पड़ेंगे। वॉट्सएप समूहों में आए दिन बहसबाजी होती ही रहती है। टीवी चैनल हो तो बहस समय से शुरू होकर समय से खत्म हो जाए। इधर तो ठसुबह से लेकर शाम तक, शाम से लेकर रात तकठ निरंतर बहस की स्थिति बनी रहती है। कई बार बहस बढ़ते-बढ़ते थाने तक चली जाती है। इस बहस में वे बेचारे भी घसीट लिए जाते हैं, जिन्होंने बीच-बीच में सिर्फ रोने-हंसने के इमोजी भर भेजे होते हैं। ऐसे में यदि आप निष्क्रिय हैं तो बहस के साथ भी और बहस के बाद भी मजे में रहेंगे। आनलाइन सोशल प्लेटफार्म पर आप सक्रिय रहते हैं तो दिल की बात मुंह आने का डर होता है। टीवी डिबेट में स्वतंत्र पत्रकार, राजनीतिक विश्लेषक या जानकार मुंह खोलते ही पकड़ में आ जाते हैं कि उनके मुंह में किस कंपनी की जुबान है। बोलने पर आदमी के दांत ही नहीं, अक्ल की दाढ़ भी दिख जाती है। आप निष्क्रिय हैं तो कभी भी यह आरोप नहीं लग सकता कि आप इधर के है या उधर के! वाट्सएप समूहों में यदि आप सक्रिय रहते हैं तो एडमिन कोई न कोई जिम्मेदारी सौंप देंगे। यह संसार की रीत है। चालू बैल को ही जोता जाता है। उत्सर्जित होती ऊर्जा का हर कोई रूपांतरण करना चाहता है। और फिर जिम्मेदारी मिलते ही आप भी मेंढक तौलने लगेंगे। निष्क्रिय बने रहे तो ही अच्छा। जब से इंटरनेट मीडिया आया है, खूब जन्मदिन मनने लगे हैं। जन्मदिन ही क्यों, पुण्य स्मरण और बरसी भी। आप कहां तक बधाई, शुभकामना और फूल पत्तियां भेजोगे! और फिर उधौ को बधाई दे दी और माधौ की अनदेखी कर दी तो वह 'देख लूंगा' वाले मोड में आ जाएगा। निष्क्रिय हैं तो सावन हरे न भादौ सूखे वाली स्थिति में रहेंगे। यदि आप किसी ग्रुप में तमाशबीन बनकर रहते हैं तो मुद्दा-ए-खास पर आयोजित चर्चा में अपमानित होने और समूह से निकाले जैसी कार्रवाई से हमेशा बचे रहेंगे। लेफ्ट होने जैसी सोशल सुसाइड से भी बचे रहेंगे। माने आग लगे बस्ती में अपन तो रहो मस्ती में। यदि आप वाट्सएप समूहों में निष्क्रिय अवस्था में रहते हैं या कम या बिल्कुल ही नहीं लिखते तो आपकी हिंदी कितनी अच्छी है और आपके विचार कितने श्रेष्ठ हैं, इस पर हमेशा पर्दा पड़ा रहेगा। नतीजतन आपकी छवि एक भयंकर गंभीर और व्यस्त व्यक्ति की बनी रहेगी। विश्वास कीजिए यदि आप वाट्सएप समूह में निष्क्रिय हैं और सिर्फ अमावस-पूनम ही नजर आते हैं तो आपकी सभी को प्रतीक्षा रहेगी। सूरज, चांद, तारों को कौन निहारता है, हेली धूमकेतु को सब नोटिस करते हैं। सास दैनिक गंगा नहाने जाए तो बहू रोज-रोज पैर नहीं पड़ती। आप कहेंगे यह सब तो ठीक है, लेकिन जब कभी अपना या पत्नी का जन्मदिन या वैवाहिक वर्षगांठ जैसा कोई खुशी का प्रसंग आया तब क्या करेंगे? या हमें कोई सम्मान वगैरह मिला तो उस खुशी को किसे बताएंगे? ऐसे तो जंगल में मोर नाचा किसने देखा जैसी बात हो जाएगी।

# बॉलीवुड/टेली मसाला

## रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर अनन्या ने दिया रिएक्शन, बोलीं- 'मिस्टर वर्ल्ड वाइड'


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अनन्या पांडे ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर प्यारा सा कमेंट करते हुए लिखा, 'मिस्टर वर्ल्ड वाइड।' उनके इस कमेंट ने प्रशंसकों के बीच इस चर्चा पांडे ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वॉकर ब्लैंको के लिए एक खास बर्थडे पोस्ट शेयर किया था। उन्होंने




कमेंट किया है। अभिनेत्री के इस प्यारे कमेंट ने एक बार फिर दोनों के रिलेशनशिप की अटकलों को हवा दे दी है अभिनेत्री अनन्या पांडे फिल्मों के अलावा अपनी पर्सनल जिंदगी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। पिछले कुछ समय से वॉकर ब्लैंको के साथ अपने कथित रिलेशनशिप को लेकर चर्चा में हैं। अटकलों के बीच हाल ही में वॉकर ब्लैंको ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की। उनकी पोस्ट पर अनन्या ने तुरंत अपनी प्रतिक्रिया दी। रूमर्ड बॉयफ्रेंड वॉकर ब्लैंको की पोस्ट पर अनन्या खुद को कमेंट करने से नहीं रोक पाईं। अभिनेत्री ने एक को एक बार फिर हवा दे दी। अभिनेत्री की बहन रीसा पांडे ने भी लिखा, ङ्खतुम बहुत कूल हो वॉकर ब्लैंको ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों और वीडियो की एक शानदार कलेक्शन शेयर किया। उनके पोस्ट में वन्यजीव, पानी के नीचे के जीव, सुंदर प्रकृति, सेल्फी, कैंडिड मोमेंट,स्विमिंग सेशन और एक दोस्त के साथ तस्वीरें शामिल थीं। वॉकर की इस पोस्ट पर यूजर्स ने भी खूब रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, लिविंग लार्ज!' एक अन्य ने लिखा, 'वर्ल्डवाइड वॉकर', एक और यूजर ने लिखा, 'एपिक।' फरवरी की शुरुआत में, अनन्या वॉकर एक कैंडिड फोटो पोस्ट की, जिसमें अभिनेत्री ने कैप्शन लिखाः ङ्खहैप्पी बर्थडे वॉकर ब्लैंको (साथ में मगरमच्छ वाली इमोजी)।ङ्ग हालांकि, अभिनेत्री और वॉकर ने अपने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया है, लेकिन फैंस के बीच दोनों को लेकर खूब अटकलें लगाई जाती हैं। अनन्या पांडे के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह 'केसरी 2' में नजर आएंगी। इस फिल्म में अक्षय कुमार और आर. माधवन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इसके अलावा अभिनेत्री के पास लक्ष्य के साथ रोमांटिक फिल्म 'चांद मेरा दिल' और 'कॉल मी बे' का दूसरा सीजन भी है।

## शनाया कपूर के हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म, कजिन सिस्टर जान्हवी खुशी को देंगी कड़ी टक्कर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शनाया कपूर के हाथ लगी करण की बड़ी फिल्म, कजिन सिस्टर जान्हवी-खुशी को देंगी कड़ी टक्करशनाया कपूर अपनी रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसे आनंद एल. राय ने सपोर्ट किया है। प्रशंसकों को यह टीजर बहुत पसंद आया और वह लगातार शनाया की तारीफ कर रहे हैं।



पहली फिल्म की रिलीज से पहले ही कई बड़े प्रोजेक्ट्स से जुड़ चुकी हैं। इस लिस्ट मे करण जौहर की रोमांटिक ड्रामा फिल्म के अलावा मुंजा स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म शामिल है। जानिए पूरी डिटेल न्यूज 18 की एक खबर के मुताबिक शनाया कपूर ठस्टूडेंट ऑफ द ईयर 3ठ में नजर आएंगी। इस फिल्म में शनाया एक नहीं बल्कि डबल रोल निभाती नजर आएंगी। करण के इस बड़े प्रोजेक्ट के अलावा शनाया ठमुंजाठ स्टार अभय वर्मा के साथ भी एक फिल्म में नजर आएंगी। इन फिल्मों से पहले शनाया की फिल्म ठतू या मैंठ का टीजर रिलीज हो चुका है, जिसमें वह आदर्श गौरव के साथ नजर आईं। यह एक इसके अलावा शनाया विक्रांत मैसी के साथ फिल्म आंखों की गुस्ताखियांठ में भी आएंगी।सोशल मीडिया पर शनाया के फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। कुछ फैंस का मानना है कि वह सबसे अलग और स्मार्ट तरीके से काम कर रही हैं। तो वहीं कुछ फैंस का कहना है कि वह अपनी कजिन सिस्टर जान्हवी और खुशी से भी आगे निकल सकती हैं। शनाया कपूर बॉलीवुड अभिनेता संजय कपूर की बेटी और महीप कपूर की बेटी हैं। संजय कपूर कई बॉलीवुड फिल्मों में बतौर हीरो अपनी छाप छोड़ चुके हैं। वहीं महीप को आपने सिंगर इला अरुण के प्रसिद्ध गाने 'निगोड़ी कैसी जवानी है' में देखा होगा।

## पुलिस ने गुमराह किया, बोलते रहे- बेटी ने आत्महत्या की', दिशा सालियान के पिता का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** दिशा सालियान का मामला इन दिनों लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। सतीश सालियान और उनके वकील इस पूरे मामले में अब तक कई बड़े बयान दे चुके हैं।दिशा सालियान के पिता सतीश सालियान ने हाल ही में एएनआई से हुई एक बातचीत में खुलासा घर आई थीं। सतीश के अनुसार, किशोरी ने उनसे कहा कि मीडिया उनकी बेटी के बारे में गलत खबरें दिखा रहा है और इसे रोकने के लिए वह आई हैं। सतीश ने कहा कि उन्हें बार-बार यह समझाया गया कि दिशा की मौत आत्महत्या थी और कुछ नहीं। पुलिस ने भी उन्हें दिशा के फोन रिकॉर्ड, आने-





किया कि पूर्व मेयर उनके घर आई थीं और उन्होंने कहा कि मीडिया उनकी बेटी के बारे में गलत खबर दिखा रहा है। सतीश ने गुरुवार को मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी से भी मुलाकात की। उन्होंने अपनी लिखित शिकायत पर कार्रवाई की मांग की है। इसमें शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ उनकी बेटी की 2020 में हुई मौत के मामले में केस दर्ज करने की बात कही गई है। सतीश सालियान का दावा है कि उनकी बेटी की हत्या की गई थी और बाद में इस अपराध को छिपाने की साजिश रची गई। सतीश सालियान ने हाल ही में एएनआई से बातचीत में खुलासा किया है कि मुंबई की पूर्व मेयर किशोरी पेडनेकर उनके जाने की जगहों और मिलने वाले लोगों की जानकारी देकर भरोसा दिलाया कि इसमें कोई साजिश नहीं थी। सतीश का कहना है कि इस तरह उन्हें गुमराह किया गया। उनके मन में यह बात बैठा दी गई कि यह आत्महत्या ही थी। अपने वकीलों के साथ सतीश सालियान आज दोपहर करीब तीन बजे दक्षिण मुंबई में पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे थे। वहां उन्होंने जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस (क्राइम) से मुलाकात की। इस बैठक में उनकी शिकायत में नामित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के मुद्दे पर चर्चा हुई। उन्होंने मंगलवार को पुलिस को यह शिकायत सौंपी थी। बाद में मीडिया से बात करते हुए सतीश सालियान ने कहा था, मैं आज ही नार्को टेस्ट के लिए तैयार हूं। लेकिन मेरे साथ-साथ मेरी शिकायत में शामिल किए गए लोगों का भी टेस्ट होना चाहिए।ठ दिलचस्प बात यह है कि बुधवार को एक क्षेत्रीय न्यूज चैनल से बात करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के लोकसभा सांसद अरविंद सावंत ने सतीश सालियान के नार्को टेस्ट की मांग की थी। इस मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर सतीश सालियान के वकीलों ने मीडिया से साझा किया कि महाराष्ट्र सरकार ने कहा है कि वह उनकी शिकायत पर संज्ञान लेने की प्रक्रिया में हैं, लेकिन अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। वकीलों का कहना है कि जब तक शिकायत पर केस नंबर नहीं मिलता तब तक इस मामले में आगे कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।इस मामले में एक विशेष जांच टीम (एसआईटी पहले से काम कर रही है। इसके बावजूद सतीश सालियान ने बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। वह अपनी बेटी की मौत की परिस्थितियों की नई जांच चाहते हैं। दिशा सालियान अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की पूर्व मैनेजर थीं। उनकी मौत जून 2020 में हुई थी। हाई कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है, दिशा के साथ बलात्कार हुआ और उनकी हत्या की गई। कुछ प्रभावशाली लोगों को बचाने के लिए राजनीतिक साजिश के तहत इसे दबाया गया।उनके एक वकील ने कहा, ठहमने इस मामले की सीबीआई जांच की मांग की है, लेकिन तब तक एक अच्छे अधिकारी को नियुक्त किया जाए जिसके साथ हम सबूत साझा कर सकें। इसमें वे सबूत भी शामिल हैं जो अब तक सामने नहीं आए।ठ उनका दावा है कि अगर सही तरीके से जांच हो, तो यह मामला सात दिनों में बंद हो सकता है।

## 'डंकी' फिल्म के टाइटल के लिए किंग खान ने किससे लगाई गुहार बोले- 'मोटे, शाहरुख बोल रहा हूं'


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** शाहरुख खान अभिनीत फिल्म 'डंकी' ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन किया था। इस फिल्म के शीर्षक के लिए लिए उन्होंने एक लेखक रखा। लेखक ने उन्हें द डोंकी रूट, द रोड टू डेथ और डंकी जैसे शीर्षक को सुझाया था, जिसे उन्होंने सुरक्षित कर लिया था। आगे उन्होंने बताया कि उसी



किंग खान को करना पड़ा था संघर्ष। जानिए आखिर उनकी फिल्म से पहले किस ने किया टाइटल का इस्तेमाल, फिर अभिनेता ने लगाई किससे गुहार'डंकी' फिल्म के शीर्षक के लिए निर्देशक राजकुमार हिरानी ने शाहरुख खान से कहा कि यह पहले ही किसी के पास है। कॉपीराइट लेने के पहले किंग खान ने इस शख्स से की रिक्वेस्ट। जानिए आखिर क्या है फिल्म के टाइटल के पीछे का संघर्ष और किसने किया था इस टाइटल का प्रयोग। अभिनेता-निर्माता आकाशदीप साबिर हाल ही में एक पॉडकास्ट में पहुंचे, जहां उन्होंने लेहरन रेट्रो से बातचीत के दौरान 'डंकी' फिल्म से जुड़ी बातें बताईं। उन्होंने फिल्म के शीर्षक के संघर्षों के बारे में बताया। आकाशदीप ने बताया कि वह अवैध प्रवासी पर एक सीरीज का निर्माण करना चाहते थे, जिसके दौरान राजकुमार हिरानी ने भी शाहरुखान की फिल्म का नाम 'डंकी' तय किया था। आकाशदीप ने बताया कि किंग खान ने हिरानी साहब से फिल्म का शीर्षक पूछा तो उन्होंने 'डंकी' बताया। साथ ही बताया कि इस टाइटल का कॉपीराइट पहले ही आकाश के पास है, जिसपर किंग खान ने कहा कि वह उनसे बात करेंगे। पॉडकास्ट में आगे बातचीत में उन्होंने बताया कि संपर्क टूटने के कई दिनों बाद शाहरुख खान का उनके पास फोन आया ओर अभिनेता ने कहा मोटे, शाहरुख बोल रहा हूं। यह सुनते ही उन्हें लगा कोई मजाक कर रहा है। फिर दोबारा फोन आया और वह डिनर पर मिले। डिनर के दौरान डंकी शीर्षक की बात छेड़ी गई। आकाशदीप ने बताया कि शाहरुख खान ने उनसे पूछा कि क्या डंकी शीर्षक का इस्तेमाल अपनी फिल्म के लिए कर सकते हैं।

## सिकंदर के बाद एटली के साथ फिल्म करेंगे भाईजान, ये साउथ सुपरस्टार्स भो होंगे मूवी का हिस्सा

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** सलमान खान ने आखिरकार जवान फिल्म के निर्देशक एटली के साथ अपनी आगामी फिल्म को लेकर खुलकर बात की और बताया कि कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग।बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में सलमान के साथ पहली बार रश्मिका मंदाना की जोड़ी नजर आएगी। वहीं इसी बीच सलमान ने एटली के साथ अपनी फिल्म के बारे में खुलकर बात की है साथ ही फिल्म से जुड़ी कुछ जानकारी भी शेयर की है। 123 डॉट कॉम की एक खबर के मुताबिक, सलमान खान ने बताया कि वह निर्देशक एटली के साथ फिल्म करेंगे। हालांकि पहले खबरें आई थी कि उनकी यह फिल्म रुक गई है। दरअसल, फिल्म रुकी नहीं बल्कि पैसे की कमी की वजह से उसे कुछ समय के लिए टाल दिया गया है। सलमान ने कहा, ठफिल्म पर काम चल रहा है, लेकिन हम सही मौके का इंतजार कर रहे हैं। बजट की परेशानी की वजह से इसे अभी रोक दिया गया है निर्देशक एटली को उनकी बेहतरीन एक्शन फिल्मों के लिए जाना जाता हैं, फिर चाहे बात शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' की ही क्यों ना हो। शाहरुख के साथ काम करने के बाद अब एटली, भाईजान के साथ फिल्म करना चाहते हैं। सलमान के साथ एक बड़ी फिल्म बनाने वाले एटली की इस फिल्म के प्रोडक्शन का खर्चा काफी बढ़ गया, जिसकी वजह से टीम अब बजट और दूसरी चीजों पर दोबारा काम कर रही है। इसके बाद ही फिल्म की शूटिंग शुरू की जाएगी। इस फिल्म में सलमान के अलावा कमल हासन और रजनीकांत जैसे बड़े सितारे भी नजर आ सकते हैं। सलमान की फिल्म ठसिकंदरठ 30 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस फिल्म में सलमान और रश्मिका मंदाना के अलावा प्रतीक बब्बर, काजल अग्रवाल, सत्यराज और शरमन जोशी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन ए आर मुरुगदास ने किया है और फिल्म के निर्माता साजिद नाडियाडवाला हैं। सलमान की फिल्म 'सिकंदर' की रिलीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म सलमान के फैंस के लिए सबसे अच्छी ईदी होगी।




## हेमा मालिनी ने लोकसभा में उठाया डीपफेक का मामला, बोलीं- इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अभिनेत्री और सांसद हेमा मालिनी ने लोकसभा में हाल ही में डीपफेक का मामला उठाया। तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल को लेकर चिंता जाहिर की। हेमा मालिनी ने कहा कि इस समस्या को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए, शिकार बन रहे हैं। हेमा मालिनी ने कहा, ठइन सेलिब्रिटीज ने वर्षों की मेहनत से अपनी पहचान बनाई है, लेकिन डीपफेक के जरिए फर्जी वीडियो बनाकर उनकी छवि को धूमिल किया जा रहा है। ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से फैलते हैं और पीड़ितों के मन पर गहरा असर डालते हैं। सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल पर भी उन्होंने चिंता जताई। उनके मुताबिक सेलिब्रिटीज को अपनी निजी जिंदगी को लेकर तीखी टिप्पणियों का सामना करना पड़ता है। कई बार सच को तोड़-मरोड़कर गलत कहानियां पेश की जाती हैं जो उनके लिए मुश्किलें खड़ी करती हैं। हेमा मालिनी ने इस मुद्दे पर गंभीरता



उन्होंने कहा कि इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद हेमा मालिनी ने गुरुवार को लोकसभा में एक अहम मुद्दे पर अपनी बात रखी। उन्होंने डीपफेक क्योंकि यह किसी की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा सकती है। साथ ही, यह उनके मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है। उन्होंने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री के लोग इस खतरे का सबसे ज्यादा से विचार करने की मांग की ताकि लोगों को इस परेशानी से बचाया जा सके। हेमा मालिनी का फिल्मी सफर भी शानदार रहा है। उन्होंने साल 1963 में तमिल फिल्म 'इधु सथियम' से अभिनय की शुरुआत की थी। साल 1968 में आई हिंदी फिल्म 'सपनों का सौदागर' से उन्होंने बॉलीवुड में कदम रखा। राजनीति में आने से पहले वह फिल्मों में बड़ा नाम कमा चुकी थीं। 1999 से बीजेपी का समर्थन करने वाली हेमा मालिनी 2004 में पार्टी की सदस्य बनी थीं। मौजूदा समय में वह मथुरा से लोकसभा की सांसद हैं।

## उत्तर प्रदेश के आगरा में नादानियां दिल की. की शूटिंग चल रही है



**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**उत्तर प्रदेश।** टीवी सीरियल. नादानियां दिल की. की शूटिंग 20 मार्च 2025 से लगातार उत्तर प्रदेश के आगरा मथुरा मै चल रही है कल 27 मार्च को सीरियल के 4 एपिसोड पूरे हो चुके हैं अगले एपिसोड के शूटिंग की तैयारिया चल रही हैं. जिसमे आस पास के सभी नये कलाकारों को काम करने का मौका दिया जा रहा है अभी लगातार 2 महीने तक सीरियल की शूटिंग. आगरा. फहेतपुर सीकारी. मथुरा. गोकुल. वृन्दावन. गोवर्धन. भरतपुर. मै ही चलती रहेगी जिन नये कलाकारों को सीरियल मै काम करने का मन है तो हमारी कास्टिंग डायरेक्टर. शिवानी तनूजा तोमर जी को अपनाऑडिशन दे सकते हैं।

## क्या बड़े बजट ने बिगाड़ा 'एल 2 एम्पुरान' का खेल 'छावा' के टिके हैं पांव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।**'एल 2 एम्पुरान' ने सिनेमाघरों में दस्तक दे दिया है और एक ठीक-ठाक शुरुआत की है। वहीं, 'छावा' अब भी बॉक्स ऑफिस पर मजबूती से बनी हुई है। जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट' अब लाखों में सिमट चुकी है। आइए जानते है फिल्मों के कलेक्शन के बारे मेंष्ठगुरुवार को दक्षिण भारत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'एल 2 एम्पुरान' ने सिनेमाघरों में दस्तक दिया। बड़े बजट की यह फिल्म 2019 की ब्लॉकबस्टर 'लूसिफर' का सीक्वल है। निर्माताओं को इससे काफी ज्यादा उम्मीदें थीं, लेकिन फिल्म उस तरह की शुरुआत नहीं कर पाई। वहीं, विक्की कौशल की 'छावा' रिलीज के 42वें दिन भी सिनेमाघरों में टिकी हुई है। जॉन अब्राहम की 'द डिप्लोमैट' लाखों में सिमट चुकी है। आइए जानते हैं गुरुवार को इन फिल्मों ने किया कितना कलेक्शन मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल और निर्देशक-अभिनेता पृथ्वीराज सुकुमारन अपनी फिल्म 'लूसिफर' का सीक्वल लेकर दर्शकों के सामने हाजिर हुए हैं। फिल्म को काफी बड़े बजट में बनाया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 'एल 2 एम्पुरान' 180 करोड़ रुपये के बजट में बनी है। फिल्म को लेकर फैंस काफी उत्साहित थे। फिल्म के ओपनिंग डे कलेक्शन की बात करें तो इसने 22 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। बजट के हिसाब से इस कलेक्शन को ठीक-ठाक कहा जा सकता है। लक्ष्मण उतेकर के निर्देशन में बनी फिल्म 'छावा' को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 42 दिन हो चुके हैं। बावजूद इसके फिल्म मजबूती के साथ बॉक्स ऑफिस पर टिकी हुई है। फिल्म ने 42वें दिन यानी गुरुवार को 1.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म ने अब तक 589.15 करोड़ रुपये का कुल कलेक्शन किया है। जॉन अब्राहम की फिल्म 'द डिप्लोमैट' की कमाई लाखों में सिमट चुकी है। चार करोड़ रुपये अपनी शुरुआत करने वाली फिल्म की कमाई में लगातार गिरावट जारी है। लगभग 20 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म ने अपना बजट तो आराम से निकाल लिया है, अब यह अपने प्रदर्शन को सुधारने की ओर है। फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन 68 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। दूसरे हफ्ते में फिल्म ने कुल 9.58 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। फिल्म की कुल कमाई की बात की जाए तो इसने अब तक 28.73 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।



स्वात्वाधिसकसार एवं मुद्रक
डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सस्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0-09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोट- इस समाचार पत्र मे प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हंतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगा।